सभी देशवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

www.currentcrime.com

# दैनिक करंट क्राइम

सिर्फ सच...

पांचवीं नवरात्रि : स्कंदमाता

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। शनिवार 13 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 183 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## ईडी के सिर्फ 3% मामले नेताओं से जुड़े : मोदी

### जांच एजेंसी ने कांग्रेस सरकार में 35 लाख, हमारी सरकार में 2 हजार करोड़ जब्त किए



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है भ्रष्टाचार के जितने मामलों की जांच कर रही है, उसमें सिर्फ 3% मामले राजनीतिक लोगों से जुड़े हैं। बाकी के 97% मामले अफसरों और अपराधियों के खिलाफ हैं। पीएम ने हिंदुस्तान अखबार को दिए एक इंटरव्यू में कहा- एऊने 2014 से पहले केवल 34 लाख रुपए कैश जब्त किए थे, जबकि भाजपा की सरकार में उसने 2,200 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश जब्त किए हैं। मोदी ने कहा- जिनपर की तलवार लटकी है, वे नैरेटिव फैला रहे हैं कि हम सिर्फ राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं। जबकि, ईडी ने कई भ्रष्ट अफसरों को गिरफ्तार किया है। अवैध फंडिंग से जुड़े अपराधियों और ड्रग डीलरों की हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त की है। हम उन राज्यों में भी एक्शन ले रहे हैं, जहां भाजपा सत्ता में है। देश के लोगों को पहली बार भाजपा मॉडल और कांग्रेस मॉडल की तुलना करने का मौका मिला है।

**पीएम बोले- पिछले 10 साल में 2 हजार करोड़ जब्त किए**

पीएम ने कहा– 2014 से पहले केवल 5,000 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। पिछले 10 सालों में यह राशि एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गई है। हमने 2014 में सरकार बनने के तुरंत बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कई स्तर पर कदम उठाए। हमने केंद्रीय भर्तियों में ग्रुप सी और ग्रुप डी इंटरव्यू खत्म किए। हमने 10 करोड़ से अधिक फर्जी लाभार्थियों के नाम हटाए, जो थे ही नहीं।

## गुर्जर आंदोलन में जाम और आगजनी के मामले में कोर्ट से भाजपा विधायक नंदकिशोर, पप्पू पहलवान सहित कई को राहत

**दस आरोपी हुए बरी और छह को मिली 6 महीने की सजा**

**सजा मिलने वालों को पर्सनल बांड पर मिली जमानत**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** गाजियाबाद की एमपी-एमएलए कोर्ट ने भाजपा के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को राहत प्रदान की है। उनको साल 2007 के मामले में गुर्जर आंदोलन के दौरान गाजियाबाद के भोपुरा में आगजनी और जाम लगाने के केस में कोर्ट ने बरी कर दिया है। इस मामले में कुल 16 आरोपी बनाए गए थे, जिसमें से कोर्ट ने 10 को साक्ष्यों के अभाव में बरी किया है। वहीं 6 नामजद को 6 महीने की सजा हुई है लेकिन उनको भी पर्सनल बांड पर जमानत दे दी गई है।

### 2007 का है पूरा मामला

**पुलिस ने मामले में 07 क्रिमिनल एक्ट, 147, 341, 336 और 427 में मुकदमा दर्ज किया गया था**

एडवोकेट हरेंद्र कसाना में बताया है कि वर्ष 2007 में गाजियाबाद के भोपुरा क्षेत्र में गुर्जर आंदोलन के दौरान जाम और आगजनी हुई थी। जिसका मामला गाजियाबाद में एमपी–एमएलए कोर्ट में चल रहा था। पुलिस ने मामले में 07 क्रिमिनल एक्ट, 147, 341, 336 और 427 में मुकदमा दर्ज किया गया था। उस समय दरोगा समरपाल ने यह मुकदमा कराया था। एडवाकेट हरेंद्र कसाना ने बताया है कि इस मामले में नौ गवाह पेश हुए जो सारे सरकारी पक्ष के थे। हरेंद्र कसाना के मुताबिक इस मामले में कोर्ट ने गाजियाबाद लोनी विधानसभा से वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पप्पू पहलवान, ईश्वर मावी, विनोद नागर, धीरज धामा, दिनेश और सुरेंद्र कसाना समेत 10 को बरी कर दिया है।

### राजेंद्र, अनिल, प्रमोद और प्रदीप सहित 6 को मिली सजा

करट क्राइम : इस मामले में कुल 16 आरोपी थे, जिसमें से 10 को बरी किया गया है। वहीं राजेंद्र, महकार कसाना, हरवीर प्रधान, अनिल, प्रमोद और प्रदीप को 6 महीने की सजा सुनाई गई। उनको भी फिलहाल कोर्ट ने पर्सनल बांड पर जमानत दे दी है। अधिवक्ता हरेंद्र कसाना के मुताबिक जिनको सजा दी गई है इनकी सजा खत्म करने के लिए आगे अपील की जाएगी।



अधिवक्ता हरेंद्र कसाना के मुताबिक जिनको सजा दी गई है इनकी सजा खत्म करने के लिए आगे अपील की जाएगी।

## लाइट की फाइट पर दो दिन में आएगा पूरा रिजल्ट

### ट्रैफिक व्यवस्था आएगी जल्द पटरी पर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में जलने वाली ट्रैफिक लाइट के सिग्नल को लेकर शुरू हुआ लाइट की फाइट का मामला तीन दिन में सुलझ जाएगा और दो दिन में शहर के सभी ट्रैफिक सिग्नल चालू हो जाएंगे। एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन ने बताया है कि नई कंपनी ने काम शुरू कर दिया है और शुक्रवार को खबर लिखे जाने तक कमिश्नरेट सिस्टम प्रणाली के 22 ट्रैफिक पॉइंट के सिग्नल शुरू कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा है कि अगले 1 से 2 दिन में 58 के 58 ट्रैफिक सिग्नल की लाइटें सुचारू रूप से काम करने लगेगी और सोमवार से लोगों को बिना किसी रूकावट और जाम के आने जाने में राहत मिल जाएगी। बता दें कि बीते दिनों ट्रैफिक सिस्टम संचालित करने वाली कंपनी और नगर निगम के बीच विवाद खड़ा हो गया था। जिसको लेकर मामला मुकदमे और गिरफ्तारी तक पहुंच गया था।

इस मामले में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल ने हस्तक्षेप करते हुए नई कंपनी से काम शुरू करवा दिया है जो काफी तेजी से चल रहा है।

#### अभी तक 22 पॉइंट पर शुरू हो गए हैं ट्रैफिक सिग्नल

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जानकारी दी गई है कि दौलतपुरा रेड लाइट, राकेश मार्ग एसडीएम कंपाउंड बिंदल शोरूम जीटी रोड, रेलवे स्टेशन गाजियाबाद, चौधरी मोड़ रेड लाइट, रमते राम रोड रेड लाइट, ठाकुरद्वारा रेड लाइट, सेठ मुकंद लाल रेड लाइट, कालका गढ़ी चौक रेड लाइट, हापुड़ चुंगी, बुद्ध चौक रेड लाइट, वसुंधरा साहिबाबाद मंडी रेड लाइट, कंट्री इन रेड लाइट वैशाली, रामप्रस्था मुख्य मार्ग रेड लाइट, लिंक रोड पुलिस स्टेशन रेड लाइट, वैशाली कट रेड लाइट, डाबर रेड लाइट, वैशाली मैक्स हॉस्पिटल रेड लाइट, भारत पेट्रोल पंप डीपीएस निकट इंदिरापुरम और डीपीएस रेड लाइट सिद्धार्थ विहार को चालू करवा दिया गया है। इसके साथ ही तीन और रेड लाइट का काम भी शुक्रवार रात तक पूरा हो जाएगा। बची हुई सभी रेड लाइट को आगामी दो दिनों में शुरू कर दिया जाएगा और सोमवार से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सभी ट्रैफिक सिग्नल पहले की तरह काम करना शुरू कर देंगे।



#### रविवार तक लगेगी रेड लाइट पर होमगार्ड की ड्यूटी

**करंट क्राइम :** यातायात पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी रविवार की रात तक ट्रैफिक सिग्नल न चालू होने की वजह से तमाम रेड लाइट पर होमगार्ड और यातायात पुलिसकर्मियों की विधिवत ड्यूटी लगाने के अधिकारियों की ओर से निर्देश दिए गए हैं ताकि अलग-अलग रेड लाइट व प्वाइंट पर जाम की स्थिति ना बने और लोगों को इस गर्मी भरे मौसम में परेशान ना होना पड़े।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने संभाल ली है कमान

### बीएलओ पहुंचेंगे मतदाता पर्ची और वोटर गाइड लेकर घर-घर श्रीमान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन विभाग लगातार एक्टिव है। वो सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के अलावा इस बात को भी सुनिश्चित कर रहा है कि जब मतदाताओं के पास मतदाता पर्ची होगी, वोटर गाईड होगी तो वो मतदान के लिए प्रेरित होंगे। उन्हें ऐसा नहीं लगेगा कि अगर वो मतदान केन्द्र पर जायेंगे तो उनका वोट मिलेगा या नहीं मिलेगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि लोकसभा चुनाव में बीएलओ घर घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची वितरित करेंगे। गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिर्टनिंग आफिसर नगर मजिस्ट्रेट ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष स्वतंत्र तथा शांतिपूर्वक ढंग से समपन्न कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से निर्देश आ गये है। इन निदेर्शों के अनुपालन में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची तथा वोटर गाईड उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। इन्हीं निदेर्शों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गाजियाबाद में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची तथा वोटर गाईड का वितरण किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य भी यही है कि अधिक से अधिक मतदान हो। लोगों को अपने मतदान केन्द्र की जानकारी हो। उन्हें यह पता हो कि उन्हें वोट डालने के लिए कौन से केन्द्र पर जाना है।




#### अगर नहीं प्राप्त होती है मतदाता सूचना पर्ची तो सम्पर्क करें निर्वाचन कंट्रोल के फोन नंबर पर

करंट क्राइम। जिला निर्वाचन विभाग मतदान को लेकर मतदाताओं में जागरूकता पैदा कर रहा है। मतदाताओं को कोई असुविधा ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जिला निर्वाचन विभाग द्वारा गाजियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र को लेकर ये कहा गया है कि सभी अपने अपने स्तर से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची वितरण की क्रास चैंकिग करा लें। यदि किसी की मतदाता सूचना प्राप्त नहीं होती है तो वह सम्बन्धित बीएलओ और सुपरवाईजर से सम्पर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकता है। यदि फिर भी कोई समस्या आ रही है तो सम्बन्धित तहसील गाजियाबाद में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल सेंटर के फोन नंबर 0120-2827365 अथवा 8800816717 पर कॉल करके अथवा व्हाटसऐप के माध्यम से अपनी शिकायत का निस्तारण करा सकते हैं।

## जब पूर्व मुख्यमंत्री ने बालेश्वर त्यागी को तत्काल दिल्ली आने के आदेश किए थे जारी

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी ने यह बात निम्न शब्दों में बड़े सुंदर ढंग से कही है –

**समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध,**
**जो तटस्थ है, समय लिखेगा उनके भी अपराध।**



**‘भोजन के बाद कल्याणसिंह जी ने कहा कि आपके विरुद्ध एक बड़ी शिकायत है। आपके कोई रिश्तेदार वकील फिरौती कराते हैं? ये बात सुनकर मेरे पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई।’**

**‘कल्याण सिंह अपराध और अपराधियों को लेकर बहुत सख्त थे। उन्होंने मुख्यमंत्री बनते ही अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रारम्भ की थी। उनका शासन बहुत अच्छे शासन के लिए याद किया जाता है। वे मेरे उत्तर से सहमत हुए।’**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी अक्सर समय समय पर पुराने लेकिन सच्चे किस्सों से राजनीति के चरित्र को बताते हैं। एक बार फिर बालेश्वर त्यागी ने बताया है कि किस तरह से उनके लिए भी शिकायत की गई थी लेकिन वो सच्चे थे इसलिए उन्होंने सत्य पूर्वक अपनी बात को रखा। बालेश्वर त्यागी ने अपने लेख में बताया है कि जब मैं गृह विभाग में राज्य मंत्री था तब की बात है।

एक दिन मैं अपनी विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क पर था। मेरे पास मोबाइल फोन तो होता नहीं था। कविनगर थाने से वायरलैस के माध्यम से मेरी एस्कॉर्ट गाड़ी को सन्देश मिला कि मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से तुरंत यूपी निवास में फोन पर सम्पर्क करूँ। उस समय कल्याण सिंह जी मुख्य मंत्री थे। मैं बीच मे प्रोग्राम छोड़कर अपने घर आया और फोन से माननीय मुख्यमंत्री जी से सम्पर्क किया। मुख्यमंत्री जी ने तत्काल दिल्ली यूपी निवास पहुंचकर मिलने के लिए बुलाया। साथ ही पूछा कि खाना खा लिया क्या ? मैंने मना किया तो उन्होंने कहा खाने में समय मत व्यर्थ करो तुरंत आओ ,खाना यहां खा लेना। मैं इस एमरजेंसी को लेकर जरूर चिंतित था। कोई जरूर गम्भीर बात है जो तत्काल बुलाया है। मैं यूपी निवास पहुंचा और कल्याण सिंह जी के कक्ष में गया। वहां मैंने उस समय के संघ के एक बड़े अधिकारी को भी बैठे देखा। मेरे मन की चिंता बढ़ गई ,निश्चय ही कोई बड़ी गड़बड़ी है। कल्याण सिंह जी ने मुझसे कहा कि पहले आप भोजन करो तब बात करेंगे। मुझसे ठीक से भोजन भी नहीं किया गया। लेकिन पेट भरना था सो कर लिया।

भोजन के बाद कल्याणसिंह जी ने कहा कि आपके विरुद्ध एक बड़ी शिकायत है। आपके कोई रिश्तेदार वकील फिरौती कराते हैं ? ये बात सुनकर मेरे पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। मैं तो एक दम पाक साफ स्वच्छ राजनीति करता था। मेरी स्वच्छ छवि पर भरोसा करके ही शहर के मतदाताओं ने मुझे जिताया था। उस समय तो मेरी विधान सभा मे मेरे समाज की कुल संख्या 10000-15000 होगी। पहले झटके में तो मैं उस आरोप से हिल गया। लेकिन न कर न डर ,मैंने कहा कि मेरा कोई रिश्तेदार वकील नहीं है। दूसरे मैंने 19 वर्ष गाजियाबाद कोर्ट्स में वकालत की है और दो बार मैं बार एसोसिएशन का अध्यक्ष भी रहा हूँ , इसलिए बहुत से वकीलों से मेरा निकट का सम्पर्क रहा है। तीसरे मेरी बिरादरी इतनी छोटी है कि अगर कोई प्रयास करोगे तो कहीं कहीं से नजदीक न सही दूर से कोई रिश्तेदारी जरूर निकल ही आएगी। आप प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। आप गाजियाबाद के एसएसपी से, डीआईजी या आईजी से अभी पूछ लो मैंने उन्हें कभी किसी गलत व्यक्ति की कोई सिफारिश की हो तो मैं जरूर दोषी होऊंगा । अगर पुलिस प्रशासन की जानकारी में कोई वकील फिरौती जैसे गम्भीर अपराधों में लिप्त है तो प्रशासन उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें । अगर मैं उसमें हस्तक्षेप करूँ तो मैं जरूर दोषी हूँ।

कल्याण सिंह अपराध और अपराधियों को लेकर बहुत सख्त थे। उन्होंने मुख्यमंत्री बनते ही अपराधियो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रारम्भ की थी। उनका शासन बहुत अच्छे शासन के लिए याद किया जाता है। वे मेरे उत्तर से सहमत हुए। उन्होंने संघ के उन बड़े अधिकारी जो किन्हीं लोगों की शिकायत के आधार पर मुख्यमंत्री से बात करने आये थे और मुख्यमंत्री जी ने मुझे बुलाकर उनके सामने ही स्पष्टीकरण लेना उचित समझा ,उनसे कहा कि बालेश्वर का कथन ठीक लगता है। अगर कोई भविष्य में गड़बड़ी मिलेगी तो निश्चय ही कार्यवाही करेंगे।

अगर मेरा ऐसे लोगों के प्रति कोई जरा सभी शाफ्टकार्नर दिखता तो उसी दिन मेरा मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी तय थी। मैं अपनी सच्चाई के कारण बच गया। गुंडे और अपराधियो से केवल वे ही पीड़ित नहीं होते जिन पर वे प्रत्यक्ष प्रहार करते हैं। बल्कि उनकी छवि पूरे समाज को कलंकित करती है। समाज के भले लोग भी कभी कभी उनके कारण प्रताड़ित हो जाते हैं। समाज के भले लोगों को उनके विरुद्ध मुखर होकर आवाज उठानी चाहिए। ताकि वे समाज की शक्ति का उपयोग अपने गलत काम को संरक्षण के लिए न कर सकें ।

# गठबंधन प्रत्याशी अतुल गर्ग को गांवों में भी मिल रहा भरपूर समर्थन







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव प्रचार की रफ्तार से अन्य प्रत्याशियों में खलबली मची हुई है। विधानसभा मुरादनगर में तूफानी दौरे की कमान युवा विधायक अजीत पाल त्यागी ने खुद संभाल रखी है। संगठन की तमाम टीम टोली के साथ भाजपा रालोद गठबंधन के प्रत्याशी अतुल गर्ग को गांव-गांव और कस्बे में ताबड़तोड़ कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बीच मोदी-योगी के विकास और सुशासन की गारंटी को पहुंचाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने मुराद नगर विधानसभा का कार्यालय खोलते हुए यहां के गांव भदौली,गांव मिल्क चाकरपुर,गांव सुल्तानपुर व नवीपुर,गांव सलेमाबाद व खुर्मपुर,गांव सरना,गांव शहजादपुर, गांव काकडा व बन्दीपुर,गांव फिरोजपुर व कैथवाडी, गांव गढी, कुम्हैडा, ग्यासपुर गांव सुराना, सुठारी, कुन्हैडा, सलाता गांव रावली, मिल्क नेकपुर, खैराजपुर गांव ढिढार गांव हुसैनपुर, मनौली, छजजुपर, बिदंग, रेवडी,गांव रेवडा - रेवडी गांव में अपने तूफानी दौरे से भ्रमण किया। हर गांव में गांववासियों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। गांवों में लगी चुनावी कार्यक्रम के दौरान गांव के बुजुर्गों ने मोदी सरकार के द्वारा किसानों के मसीहा देश के पूर्व प्रधानमन्त्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के सम्मान से नवाज कर गांव में बसने वाले धरती पुत्रों का मन जीतने की बात कही। गांव के प्रतिष्ठित लोगों ने चौधरी चरण सिंह के सम्मान में प्रत्याशी को हरी पगड़ी पहनाकर गांवों से पूर्ण समर्थन की बात कही, देश के पीएम मोदी का आभार जताया। गांव गांव में विधायक अजीत पाल त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, विधानसभा संयोजक अरविंद भारतीय, आरएलडी एवं भाजपा समन्वयक पूर्व महापौर आशु वर्मा, प्रदीप चौधरी, दिनेश प्रधान, नीरज प्रधान, विपिन चौधरी, संजीव त्यागी, राजीव त्यागी आदि सगठन की टोली सहित ग्राम प्रधानों और स्थानीय सामाजिक सरोकारों के साथ विकास के नाम पर वोट मांगी। ढिंढाड गांव में चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी अतुल गर्ग ने जब अपने अंदाज में बोलना शुरू किया तो कुछ ही पल में उनकी सहजता, सरलता के दीवाने हो गए। गांव के प्रमुख लोगों के द्वारा सिर पर पगड़ी पहनाए जानें पर अतुल गर्ग ने गांव वालों का दिल से आभार किया। उन्होंने कहा आपने मेरा सम्मान मेरे द्वारा किए गए वायदों, चुनावी जुगलबंदी से बिना प्रभावित हुए किया। जो मेरे पर आपका ऋण है। उन्होंने बताया देश के विकास में मोदी सरकार की कार्यशैली को जाति धर्म में बांटकर जो लोग सत्ता की लोलुप्ता में आकर जनता को बहकाने का काम कर रहें हैं उन्हें अपनी वोट की ताकत से आईना दिखाना है। आप अपना वोट देश के विकास के लिए , देश के स्वाभिमान के लिए भाजपा को ही दें।

# पीएम मोदी ने दौसा में किया रोड शो, लोगों को प्रणाम किया, जनता बोली- अबकी बार 400 पार



**दौसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौसा रोड शो के दौरान राजस्थान सरकार के मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा और दौसा से लोकसभा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा तीनों एक ही रथ में सवार होकर रोड शो किए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हाथ में कमल का निशान दिखाकर लोगों का अभिवादन करते नजर आए। दौसा भाजपा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले गोवर्धन लाल बडेरा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झुककर प्रणाम किया। लेकिन मोदी इस दौरान अपनी पार्टी के नेता से मिलने नहीं उतर पाए। दौसा में रोड शो के दौरान पीएम मोदी का यह रोड शो गांधी तिराहे से लेकर गुप्तेश्वर दरवाजे तक निकल गया। उधर, मोदी के रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करते नजर आए। इसके बदले यहां की जनता भी मोदी-मोदी के नारे लगाती नजर आई। जहां-जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला गुजरा, लोग अचंभित होकर प्रधानमंत्री को देख रहे थे। अच्छी खासी तादाद की भीड़ के बीच नरेंद्र मोदी का यह शो अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। मोदी के रोड शो में अच्छी खासी तादाद में महिलाएं भी नजर आईं। जब महिलाओं से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अबकी बार एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और देश को तरक्की के रास्ते पर आगे ले जाएंगे। पीएम मोदी का यह काफिला जैसे ही भाजपा के वयोवृद्ध नेता गोवर्धनलाल बढेरा के आगे से निकाला तो कुछ देर के लिए प्रधानमंत्री मोदी वहां रुक गए और किरोड़ीलाल मीणा ने भाजपा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले गोवर्धनलाल बडेरा की तरफ इशारा करते हुए मोदी को बताया कि यही वह नेता हैं, लेकिन शायद सुरक्षा के चलते प्रधानमंत्री मोदी बढेरा के प्रतिष्ठान पर हाथ जोड़कर आगे बढ़ गए। जबकि दौसा की भाजपा ने जो प्रधानमंत्री का कार्यक्रम जारी किया था, उसमें इस नेता के प्रतिष्ठान पर दो मिनट का कार्यक्रम था। बता दें कि रोड शो गांधी तिराहे से शुरू हुआ और गुप्तेश्वर सर्किल पर खत्म हुआ। मोदी ने 50 मिनट तक करीब सवा किमी तक लोगों का अभिवादन स्वीकारा। इससे पहले पीएम ने बाड़मेर में सभा को संबोधित किया।

## न्यूज डायरी

### समाजवादी पार्टी ने जारी की दो उम्मीदवारों की सूची



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने एक ओर सूची जारी की है। इस सूची में दो प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज और कुशीनगर से अजय सिंह को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए एक ओर सूची जारी की है। इस सूची में दो प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है। पार्टी ने कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज और कुशीनगर से अजय सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पुष्पेंद्र सरोज बसपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने कुशीनगर से विजय कुमार दुबे और कौशांबी से विनोद सोनकर को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अभी तक इन दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं घोषित किए हैं। कौशांबी से सपा प्रत्याशी को लेकर अलग-अलग नामों की चर्चा हो रही थी। वहीं, पार्टी ने प्रत्याशी एलान कर कयासों पर विराम लगा दिया है। अभी जनता को बसपा के प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार है।

### महिला से लूटपाट करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल, असलहा-कारतूस बरामद



**आजमगढ।** आजमगढ़ के महराजगंज थाने की पुलिस से बृहस्पतिवार की रात महिला से चेन व लॉकेट की लूट करने वाले बदमाश से मुठभेड़ हो गई। अपने को पुलिस के बीच घिरा देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। महराजगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी वंदना यादव पुत्री रामदरश ने 15 मार्च को महराजगंज थाने में आकर लिखित तहरीर दी। आरोप था कि ग्राम मुडिलपुर के तरफ जाने वाले मार्ग पर वह अपने देवर राम आशीष के साथ बाइक से अपने गांव शिवपुर जा रही थीं। तभी एक बाइक पर दो अज्ञात बदमाशों द्वारा उसकी चेन व लॉकेट छिनकर भागने लगे। देवर राम आशीष के द्वारा रोकने पर उनसे मारपीट करके बाइक की चाभी छिनकर फेंक दिया। इसके बाद चेन और लॉकेट लेकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। मोबाइल आनलाइन ई-चालान एप्लीकेशन के माध्यम से अभियुक्त मोहम्मद अजीम निवासी शास्त्रीनगर (कस्बा महराजगंज) थाना महराजगंज का नाम प्रकाश में आया। महराजगंज थाने की पुलिस गुरुवार की रात करीब 12 बजे मोहम्मद अजीम की तलाश में जुटी थी। तभी जरिए मुखबीर सूचना मिली कि महिला से चेन व लॉकेट छिनने वाला लूटेरा मोहम्मद अजीम अपनी बाइक से कटानी बाजार की ओर से महराजगंज कस्बे की तरफ आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और बताए हुए स्थान पर जा धमकी। पुलिस की गाड़ी को देखकर बदमाश बाइक पीछे मुड़कर महेशपुर रोड की तरफ भागने का प्रयास किया। अचानक बाइक फिसल कर बंद हो गई। बदमाश अपने को पुलिस पार्टी से घिरा देखर जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायर कर दिया। वहीं, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाये पैर में गोली जा लगी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 15 मार्च को वह और उसका साथी करीब तीन बजे मुडीलपुर के पास से एक महिला का एक चेन व लॉकेट छीन कर भागे थे। लूट के चेन व लॉकेट बेचने के बाद उसे 5000 रुपया हिस्सा मिला था, जिसमें 4300 रुपये उसने खर्च कर दिया है।

### पप्पू यादव की मजिस्ट्रेट को धमकी- दुश्मनी 26 के बाद दिखेगा...हिम्मत नहीं कीजिएगा इधर आने की; केस दर्ज



**पूर्णिया।** पूर्णिया सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले पप्पू यादव एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। पप्पू यादव पर इस बार अधिकारियों को धमकाने का आरोप है, जिसकों लेकर निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के खिलाफ आर्दश आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। मामला कांड संख्या 256/ 2024 के तहत केहाट थाना में दर्ज किया गया है।

**पप्पू यादव पर धमकी देने का आरोप**

पूर्णिया पूर्व सीओ सह दंडाधिकारी संजीव कुमार शर्मा ने अर्जुन भवन स्थित निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कार्यालय में प्रचार वाहन (डीजे गाड़ी)को जब्त करने पहुंचे थे। पदाधिकारी का आरोप है कि उन्हें पप्पू यादव ने धमकी देते हुए कहा कि आप दोबारा इस रोड पर आने की फिर से हिम्मत नहीं कीजिएगा और बोरिया-बिस्तर लेकर तैयार रहिएगा। गाड़ी घर में लगी हुई है और उसमें झंडा लगेगा। गाड़ी सड़क पर तो चल नहीं रही है। हम मोदी, नीतीश- लालू नहीं हैं, समझ जाइए। पप्पू यादव ने कहा कि दुश्मनी 26 अप्रैल के बाद दिखेगी। अभी यहां से चले जाइए।

**प्रचार वाहन गाड़ी की जांच के दौरान पप्पू यादव ने कही यह बात**

इस संदर्भ में केहाट थानाध्यक्ष कौशल कुमार ने बताया कि गुरुवार को आरएन शाह चौक समाहरणालय रोड में दंडाधिकारी पूर्णिया पूर्व प्रखंड के अंचलाधिकारी संजीव कुमार शर्मा के द्वारा गाड़ियों के कागजात की जांच पड़ताल की जा रही थी। इसी क्रम में एक प्रचार वाहन गाड़ी और प्रचार वाहन से सबंधित कागजात दिखाने का इशारा किया। लेकिन ड्राईवर वहां से प्रचार गाड़ी निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के आवास पर लेकर चला गया। दंडाधिकारी के नेतृत्व में जब पुलिस की टीम वहां पहुंची तो निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के द्वारा धमकी भरे लहजे में बात की। इस मामले को लेकर केहाट थाना में आचार संहिता उल्लंघन मामले को लेकर मामला दर्ज किया गया है। मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# बारामुला से उमर अब्दुल्ला, श्रीनगर से अगा रुहुल्ला लड़ेंगे चुनाव



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने कश्मीर घाटी की तीनों सीटों पर अपने पत्ते खोल दिए हैं। शुक्रवार को नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने एलान किया कि बारामुला सीट से उमर अब्दुल्ला और श्रीनगर से अगा रुहुल्ला नेकां के उम्मीदवार होंगे। इससे पहले नेकां अनंतनाग-राजोरी सीट से मियां अल्ताफ को मैदान में उतारने की घोषणा कर चुकी है। प्रेसवार्ता में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी लड़ाई उन ताकतों के साथ है जो उनके विरोधी उम्मीदवारों के पीछे खड़े हैं। उमर ने आरोप लगाया कि कश्मीर में भाजपा नेता तरुण चुग का आना और सज्जाद लोन और अल्ताफ बुखारी से मुलाकात करना, साफ इशारा करता है कि ये पार्टियां भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। उन्होंने भाजपा, डीपीएपी, अपनी पार्टी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधा। नेकां इन पार्टियों को भाजपा की बी टीम बताते आ रही है। जबकि जबाव में इन पार्टियों का कहना है कि नेकां और पीडीपी भाजपा के साथ बीते वर्षो में सरकार में रह चुकी हैं। उमर ने कहा कि भाजपा को परिवारवाद के साथ कुछ नहीं लेना देना है। उनको अगर कुछ परेशानी है तो उनके खिलाफ जो भाजपा का विरोध करते हैं। उमर ने कहा, 'हम विरोध करते आए हैं और करते रहेंगे।' वहीं, विधानसभा चुनाव को लेकर उमर ने कहा कि इसे करवा कर भाजपा जनता पर कोई अहसान नहीं करेगी। यह तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ऐसा होने जा रहा है। उमर ने कहा, 'मेरी हाल ही में लड़ी गई विधानसभा सीट परिसीमन के बाद उत्तरी कश्मीर के साथ जुड़ गई है। भाजपा का इसके लिए धन्यवाद।

# तमिलनाडु में राहुल का पीएम मोदी पर वार, कहा- मछुआरे किसानों से कम नहीं, देश में विचारों की जंग




**तमिलनाडु।** इन दिनों चुनाव प्रचार अपने चरम पर है, इस दौरान भाजपा और विपक्षी दलों में जमकर जुबानी जंग चल रही है। आरोप प्रत्यारोप के सिलसिला हर चुनावी रैली में चल रहा है। अब यशवंत सिन्हा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर सीधे निशाना साधते हुए कहा कि मछुआरे किसानों से कम नहीं है। हम मछुवारों के लिए अलग से योजना बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि देश में इस समय विचारों की जंग छिड़ी हुई है।

शुक्रवार को तमिलनाडु में तिरुनेवेली में एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मछुवारों के बारे में नहीं सोच रहे। उन्होंने मछुवारों को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया है। हम जानते हैं कि वो कितनी जोखिम भरा काम करते हैं, और भोजन लाते हैं। मछुवारे किसी किसान से कम नहीं। इसलिए हम किसानों के लिए घोषणापत्र लेकर आएंगे। जिसमें हम मछुवारों को नाव के डीजल के लिए सब्सिडी दी जाएगी। साथ उनकी नाव का बीमा कराया जाएगा। इसके साथ ही क्रेडिट कार्ड भी दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने तमिलनाडु को नहीं दी राहत राशि तमिलनाडु सरकार द्वारा केंद्र सरकार से बाढ़ राहत राशि की मांग की गई थी। जिसे केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने देने से मना कर दिया था। जब तमिल के मछुआरों ने मदद मांगी तो केंद्र ने कुछ नहीं दिया। तमिलनाडु के किसानों को विरोध में महीनों तक जंतर मंतर में बैठने पर मजबूर किया, लेकिन उनको भी कुछ नहीं दिया। अपनी मनमानी के लिए विपक्ष को धमका रही, गिरफ्तार कर रही भाजपा- राहुल चुनावी रैली में राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी पर तीखा वार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने ईडी, सीबीआई आदि को चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, वहीं चुनाव आयुक्त भी उन्हीं का चुना हुआ है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस को कमजोर करने के लिए चुनाव के दो महीने पहले पार्टी का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है। अपने एकाधिकार के लिए प्रधानमंत्री इस प्रकार के दांव पेंच चल रहे हैं। जैसे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करवाना, विपक्ष को धमकाना आदि। प्रधानमंत्री का पूरा ध्यान देश के 3-4 अमीरों की जेबें भरने पर है।

**भारत में चल रही विचारों की लड़ाई**

राहुल गांधी ने कहा कि आज भारत में विचारों की जबरदस्त जंग चल रही है। एक तरफ सामाजिक न्याय, आजादी, बराबरी और पेरियर के विचार हैं तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के विचार। जिसमें नरेंद्र मोदी एक देश, एक नेता और एक भाषा का विचार रखते है। भारत संस्कृतियों का देश है, यहां कई संस्कृति, कई भाषाएं हैं। तमिल भी किसी दूसरी भाषा से कम नहीं है। हर संस्कृति हर भाषा इस देश के अंदर समान है।

**कांग्रेस किसानों का कृषि ऋण करेगी माफ**

तिरुनेवेली की सभा में राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस गारंटी देती है कि किसानों को कानूनी एमएसपी मिलेगा। कांग्रेस किसानों का ऋण माफ करने की गारंटी देती है।

# सांसद स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर बोला हमला, कहा- अमेठी के लोगों ने 15 साल निकम्मे सांसद को ढोया



**अमेठी सिटी।** लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा ने यादवों के वोटों में सेंधमारी करनी शुरू कर दी है। शुक्रवार को गौरीगंज विधानसभा के डेढ़ सौ अधिक ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान और यादव समाज के संभ्रात व्यक्ति भाजपा में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को गमछा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अमेठी में भी कोरोना की भयंकर स्थिति आई थी यह लोग अमेठी को अपना परिवार कहते रहे लेकिन कांग्रेस परिवार से कोई नहीं आया। क्या मुझे डर नहीं लगा मैं भी गांव-गांव घूमी थी। मेरा भी परिवार है तो जिन्होंने इतने साल परिवार कहा वह क्यों नहीं आए। वर्षों से उन्होंने जिस तरह की राजनीति की है परिवार को तोड़ने का काम किया है तो हम सबको एकजुट होकर अमेठी के सम्मान के लिए और अमेठी के उत्थान के लिए यह चुनाव लड़ना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने तो लोगों को रंग बदलते देखा है यह तो परिवार बदल रहे हैं। वायनाड में भाषण के दौरान वह कह रहे हैं कि वायनाड के लोग ज्यादा वफादार हैं तो हम क्या हुए फिर 15 साल गायब रहे हमारा कोई काम किया नहीं। उन्होंने कहा कि अमेठी के लोगों ने 15 साल तक एक निकम्मे सांसद को ढोया और अब वो अमेठी के लोगों पर तोहमत लगा रहे हैं। आज मैं यह बहुत सम्मान से आपसे कहती हूं कि अमेठी के सम्मान के लिए यह चुनाव है। अमेठी के संरक्षण के लिए यह चुनाव है। हर परिवार को फ्री में वैक्सीन मिली, फ्री में राशन मिल रहा है और किसानों को 6 हजार बैंक के खाते में मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह अपने लिए लड़ रहे हैं हम अपनों के लिए लड़ रहे हैं। मैं आप लोगों के मध्य में हूं अपने परिवार के बीच में हूं, अपने गांव के लोगों के बीच में हूं। शायद मैं पहली सांसद हूं जिसने अमेठी में अपना घर भी बनाया और अमेठी की वोटर भी हूं। अमेठी से बड़े-बड़े नेता होकर गए लेकिन मैं शायद पहली सांसद हूं जो आपके गांव में खड़ी होकर आपकी नाली भी साफ कराती हूं और बहन का रिश्ता निभाया है। केंद्रीय मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। परिवार बदलते पहली बार देखा इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन ईरानी ने पूर्व सांसद राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला। आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड से नामांकन किया। इसके बाद घोषित कर दिया कि वायनाड मेरा परिवार है। वहां तक तो ठीक था लेकिन कांग्रेस के एक नेता ने भाषण दे दिया कि राहुल गांधी से जब पूछा गया कि वायनाड से क्यों लड़ रहे हैं तो राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड के लोग ज्यादा वफादार हैं। इस पर सवाल उठाते हुए केंद्रीय मंत्री ने पूछा कि फिर हम क्या है? अमेठी ने निकम्मे सांसद को ढोया, जिसने काम नहीं किया, जीतने का बाद भी गायब रहा और अब अमेठी की वफादारी पर तोहमत लगा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने वहां पर मौजूद लोगों से कहा कि आप सभी ने तो वफादारी निभाई थी, परिवार माना था। कहा कि मैंने लोगों को रंग बदलते देखा है लेकिन परिवार बदलते पहली बार राहुल गांधी को देखा है।

# बसपा के नौ प्रत्याशी और घोषित, दो मुस्लिम व तीन ब्राह्मणों को दिया टिकट



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को नौ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी की चौथी सूची में दो मुस्लिम, जबकि तीन ब्राह्मणों को टिकट दिया गया है। वहीं, पार्टी ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से चुनाव लड़वाने का फैसला लिया है, जिनका मुकाबला भाजपा के दिनेश यादव निरहुआ और सपा के धर्मेंद्र यादव से होगा। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम की ओर से जारी सूची के मुताबिक घोसी सीट से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा एटा से मोहम्मद इरफान एडवोकेट, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र कुमार मौर्य और रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम एडवोकेट को टिकट दिया गया है। बता दें कि बसपा ने अब तक 45 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है जिसमें 11 मुस्लिम हैं। वहीं नौ ब्राहमण, तीन ओबीसी और एक दलित उम्मीदवार को टिकट दिया है।

**भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट**

# जन आशीर्वाद रैली में रुड़की पहुंचे हरियाणा के सीएम



**रुड़की।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को भाजपा की जन आशीर्वाद रैली में रुड़की पहुंचे। यहां उन्होंने लक्सर और भगवानपुर क्षेत्र में जनसभा कर भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान भोगपुर में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत एक ऐसा शक्तिशाली देश बन गया है कि यूक्रेन में फंसे 23 हजार छात्र सकुशल अपने देश वापस आ जाते हैं। 60 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस ने देश को काटने और बांटने का कार्य किया है। जिसके चलते देश आर्थिक दृष्टि से कमजोर होता चला गया है, लेकिन देश में भाजपा की सरकार आते ही भारत विकास की ओर बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में आज भारत विश्व में एक शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है। कहा कि भारतीय सैनिक अभिनंदन पाकिस्तान में फंस गए तो 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान को सैनिक वापस करना पड़ा। केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाने का बड़ा कार्य किया है। कांग्रेस के कार्यकाल में गंभीर बीमारी से पीड़ित गरीब व्यक्ति अपना इलाज नहीं करा पाता था, लेकिन अब भाजपा की सरकार में आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड से सभी गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा है। कांग्रेस सरकार में जो काम असंभव थे, भाजपा ने उन्हें संभव किया है। इस दौरान लक्सर के पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि भारत पर वर्षों तक मुगलों ने राज किया है। 60 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस ने देश को लूटकर अपनी जेब भरने का कार्य किया है। भाजपा सरकार आने के बाद देश विकास की ओर अग्रसर हुआ है। विश्व में भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

# लोहाघाट और काशीपुर में गरजे राजनाथ सिंह, जनसभा से चढ़ेगा सियासी पारा




**चंपावत।** लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लोहाघाट पहुंचे। राजनाथ सिंह यहां चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कांग्रेस के मंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी, भाजपा से कोई जेल नहीं गया। बता दें कि, लोहाघाट और काशीपुर से पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गौचर (गढ़वाल लोकसभा सीट) में बीजेपी के प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में जनसभा की। जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ₹मैं आप सभी को बस एक बात याद दिलाना चाहता हूं, मैं कभी भी किसी भी पीएम की आलोचना नहीं करता, चाहे वह कांग्रेस का हो या किसी अन्य पार्टी का। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक बार बहुत ईमानदारी से राजीव गांधी ने इस बात को स्वीकार किया था। उन्होंने 100 पैसे भेजे, लेकिन लोगों तक केवल 14 पैसे ही पहुंच पाए। किसी ने भी उस चुनौती को स्वीकार नहीं किया, लेकिन पहली बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए एक जन धन खाता खोला जाना चाहिए यहां तक कि मैं भी यह नहीं समझ पा रहा था कि प्रधानमंत्री हर किसी के लिए खाता क्यों खोल रहे हैं।

वहीं, गौचर में जनसभा करने के बाद केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लोहाघाट पहुंचे। जहां उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में जनसभा की। इसके बाद राजनाथ सिंह नैनीताल सीट के प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने काशीपुर पहुंचे हैं। 14 अप्रैल को तीन जनसभाएं करेंगे सीएम योगी उत्तराखंड में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बाद अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रचार मैदान में नजर आएंगे। रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देहरादून में जनसभा करेंगे। इससे पहले शनिवार को उनकी हल्द्वानी में जनसभा होगी। योगी 14 अप्रैल को तीन जनसभाएं करेंगे। सबसे पहले वह श्रीनगर गढ़वाल में जनसभा करेंगे। इसके बाद उनकी रुड़की में जनसभा होगी और फिर शाम को वह देहरादून के बन्नू स्कूल में जनसभा को संबोधित करेंगे। 16 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोटद्वार में रोड शो करेंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 17 अप्रैल को चकराता में जनसभा करेंगे। उनका सहसपुर में भी रोड शो होगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शनिवार 13 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# लोकसभा चुनाव के बाद भगवागढ़ में होगी भगवा धनुष पर टंकार

## समानान्तर सत्ता को चुनौती देने के लिए हो रहा है भाजपा में ही नया खेमा तैयार!

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव भले ही खामोश चल रहा हो लेकिन ये खामोशी तूफान से पहले की भी मानी जा सकती है। सियासी नब्ज को पकड़ने वाले लोग बता रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद भगवागढ़ में सियासी धनुष पर भगवा टंकार होनी है। यहां सत्ता दो खेमों में बंटेगी और एक खेमा तैयार हो रहा है। कहानी तो पहले ही लिखी जा चुकी है लेकिन अब इसके किरदार भी तय हो रहे हैं। दरअसल भाजपा में लोकसभा चुनाव में जनरल वीके सिंह का टिकट कटने के बाद एक खेमा निर्णायक वाली स्थिति में आ गया है इसकी क्षमता शक्ति दोनों बढ़ गई है ये खेमा विधायक खेमा कहलाता है। अब किसी से छुपा नहीं है कि जनरली टिकट को लेकर इसी खेमे ने स्पेशल मुहिम चलाई थी। एक गुट बनाकर सब एकजुट हुए थे और टिकट कटवाने वाले मुहिम में राज्यसभा सांसद थे। उन्होंने लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के नामांकन जुलुस वाले मंच पर कहा भी था कि वह इस टिकट को कटवाने में साथ थे। लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां पूर्व सांसद ये पूरा माहौल अपने लिए बना रहे थे और उन्हें ये उम्मीद तो थी कि जनरल वीके सिंह का टिकट कट जायेगा लेकिन जब उनकी खुद की उम्मीदवारी की बात आयेगी तो उनको ही झटका लगेगा, ये उन्हें उम्मीद नहीं थी। बहरहाल ताकत का मुलाहिजा हुआ और यहां एक खेमे ने अपनी ताकत दिखा दी और अब ये खेमा तीन तरह से शक्तिशाली हो गया है। क्योंकि लोकसभा का टिकट विधायकों का टिकट है। लोकसभा का टिकट महानगर संगठन का टिकट है और लोकसभा उम्मीदवार तो इस गुट में शामिल ही है। चर्चा है कि ये खेमा इतना पावरफुल हो चुका है कि आने वाले समय में कई राजनीतिक फैसलों को प्रभावित करेगा। सरकारी कृपा किसपर होगी इसे प्रभावित करेगा। सूत्र बताते है कि अब इस खेमे के सामने दूसरा खेमा तैयार हो रहा है जो इस बात को बतायेगा कि सत्ता का सारा करंट एक ही खेमे के पास नहीं जायेगा। सूत्र बताते है कि अगर एक खेमे का निर्माण हो गया है तो दूसरा खेमा भी पूरी तरह तैयार हो गया है। चुनाव के बाद भाजपा में ये खेमाबंदी दिखाई देगी और दोनों तरफ से दिखाई देगी।

एक दूसरे को लेकर लामबंदी होगी और इस खेमेबंदी लामबंदी की चर्चा लखनऊ तक पहुंच चुकी है। लखनऊ के बड़े दरबारों तक ये खबर है कि भगवागढ़ में सबकुछ सही नहीं चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि शुरूआत हो चुकी है और चुनाव के बाद इसके इफैक्ट खुलकर सामने आ जायेंगे।




### कौन होंगे नए खेमे के फेस

**करंट क्राइम।** विधायक खेमा अपनी टिकट सफलता से गद्गद है लेकिन यहां उसे चुनौती ही भाजपा के दूसरे जनप्रतिनिधियों से मिलने जा रही है। विधायक खेमा अगर पावरफुल स्थिति में है तो दूसरा खेमा भी अपनी बात को सरकार तक पहुंचाने की स्थिति में है। इनमें एक एमएलसी का नाम है। हालांकि वो विवाद से दूर रहते हैं लेकिन अगर बात आ जाये तो पीछे भी नहीं रहते हैं। उनके एक लैटर ने यहां भगवावॉर करा दी थी। प्रथम नागरिक की सियासी ट्यूनिंग सब जानते हैं और वो भाजपा की पुरानी नेता हैं। प्रदेश पदाधिकारी हैं और वो जानती हैं कि सत्ता के नजदीकी किसी भी गुट को असीमित अधिकार पाने से कैसे रोकना है। हालांकि खेमेबाजी से ज्यादा उनका फोकस अपनी जिम्मेदारी पर है। राज्य सरकार में मंत्री भी, राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। कई सरकारें देखी हैं संगठन से लेकर सरकार तक का अनुभव है। वो अपनी मुस्कुराहट से ही कई जवाब देते हैं। वो कभी किसी गुट में नजर नहीं आते।

## अनिल अग्रवाल की भी रहेगी दिल्ली वाले गलियारों में दखल

**करंट क्राइम।** भाजपा बाहर वालों से तो जीत जायेगी लेकिन जो जंग भाजपा के भीतर होने जा रही है उसका रंग दिखाई देगा। यहां पर पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल भी एक सियासी धुरी रहेंगे। राज्यसभा सांसद रहे हैं और दिल्ली के सत्ता गलियारों से परिचित है। संगठन के बड़े नेताओं में उनकी पकड़ बतायी जाती है। चर्चा है कि यहां वो किसी भी चेहरे को अनलिमिटेड पॉवर सेंटर नहीं बनने देंगे। सूत्र बताते हैं कि उनकी दखल रहेगी क्योंकि इस पूरे ऐपीसोड में मैनेजमेंट उन्होंने बिठाया और फिर डैमेज भी उन्हीं को हो गया। सूत्र बताते है कि इस नए खेमे में केवल जनप्रतिनिधि भी नहीं रहेंगे बल्कि कुछ पूर्व संगठन पदाधिकारी भी शामिल हो गये हैं। सूत्र बताते हैं कि ये खेमा विधायकों वाले खेमे को चुनौती देगा। ये खेमा अपनी अनदेखी से नाराज है और अब इस खेमे को सर्ववाईवल मोड में लाने की तैयारी हो गई है।

**ये खेमा अपनी अनदेखी से नाराज है और अब इस खेमे को सर्ववाईवल मोड में लाने की तैयारी हो गई है।**

**चर्चा है कि यहां अनिल अग्रवाल किसी भी चेहरे को अनलिमिटेड पावर सेंटर नहीं बनने देंगे।**

### कौन बनेगा भाजपाई ये परमीशन भी विधायक खेमे से आई

**करंट क्राइम।** भाजपा में तेजी से सत्ता के समानान्तर दूसरा मोर्चा खुलने की तैयारी हो गई है। इसकी वजह भी एक खेमे को बहुत अधिक ताकतवर होने से रोकना है। सूत्र बताते हैं कि इंटरनल अनदेखी से नाराज हैं और वो इस बात से भी नाराज हैं कि कौन भाजपा में शामिल होगा उसे भी विधायक खेमा तय कर रहा है। जबकि संगठन को यह काम देखना है। सूत्र बताते है कि एक मजबूत ज्वाइनिंग भी इसी खेमे की वजह से नहीं हो पाई है अगर यह ज्वाईनिंग हो जाती तो अतुल गर्ग को ही चुनावों में लाभ होता। लेकिन यहां गेम कुछ ऐसा सैट हो गया है कि एक खेमे के जनप्रतिनिधि दूसरे की विधानसभा में दखल नहीं दे रहे हैं। कौन भाजपा का भगवा पटका पहनेगा इस बात का ग्रीन सिग्नल भी अब विधायक खेमे से मिल रहा है।

### जीडीए बोर्ड सदस्य से लेकर शहर सीट का उम्मीदवार भी तय करेगा ये खेमा

**करंट क्राइम।** भाजपा में तेजी से सत्ता के दूसरे पॉवर सेंटर का उदय हो रहा है। ये चर्चा भाजपा की हर जुबान पर हो रहा है। आखिर ऐसी क्या वजह हो गई कि भाजपा के भीतर ही ये रणभेरी बजी है। सूत्र बताते हैं कि सारा झगड़ा सरकारों से ज्यादा अधिकारों को लेकर है। अब एक खेमा पॉवर का विभाजन चाहता है। वो भी अपनी हिस्सेदारी चाहता है और वो अपने फैसलों को लेकर विधायक खेमे के आगे अनुयय विनय करने के मूड में नहीं है। ये खेमा बता रहा है कि ये तक तय हो गया है कि जीडीए बोर्ड सदस्य कौन बनेगा। नामित पार्षद कौन बनेगा और शहर सीट पर उपचुनाव में चेहरा कौन होगा। यह बात सत्ता के दूसरे खेमे को पसंद नहीं आई है। उनका कहना है कि भाजपा में नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे चक्र चलता है। अगर एक कोकस मजबूत हो गया तो फिर खेमेबंदी में लोकसभा से लेकर महानगर संगठन तक एक ही नाम चलेगा जो कि सही नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम की खबर के बाद आया सुशांत गोयल का जवाब

### कहा - ऐवरीथिंग इज फाइन भरपूर दे रहा हूं लोकसभा चुनाव में टाइम

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने सियासी गतिविधियों को लेकर खबर प्रकाशित की थी और ये बताया था कि कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा के चुनाव प्रचार में दिवंगत पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के सुपुत्र और पूर्व शहर विधानसभा उम्मीदवार सुशांत गोयल नजर नहीं आ रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने ये भी बताया था कि सुशांत गोयल के घर पर किसी ने दस्तक दी थी और चुनाव प्रचार में आने का आग्रह किया था। दैनिक करंट क्राइम की खबर के बाद इस पर सुशांत गोयल का जवाब आया है। सुशांत गोयल ने कहा कि ऐवरीथिंग इज फाईन और मैं लोकसभा चुनाव में टाईम दे रहा हूं। इतना ही नहीं सुशांत गोयल ने धौलाना में चुनाव प्रचार करते हुए अपने फोटो भी शेयर किये और ये एहसास कराया कि वो चुनाव प्रचार में मौजूद हैं। पूर्व शहर विधानसभा उम्मीदवार सुशांत गोयल ने करंट क्राइम से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह कांग्रेस के सिपाही हैं और राहुल गांधी, सोनिया गांधी उनके नेता हैं। सुशांत गोयल ने कहा वह पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में लगे हैं। यहां पर सुशांत गोयल ने यह भी कहा कि वो दैनिक करंट क्राइम की खबर पर कुछ नहीं कहना चाहते लेकिन मेरे यहां कौन आया और कौन नहीं आया इसे मैं सम्बंधों के सम्मान में गोपनीय रखना चाहता हूं। मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता हूं और पूरी तरह से सक्रिय हूं। सुशांत गोयल ने यह भी कहा कि वो बुलंदशहर और अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के भी प्रभारी हैं। लोकसभा चुनाव चल रहा है और उन्हें प्रभारी होने के नाते बुलंदशहर और अमरोहा भी जाना पड़ता है। सुशांत गोयल ने कहा कि मैंने लोनी में कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा के लिए चुनाव प्रचार किया है। जिसके फोटो भी हैं और उन्होंने बताया कि वह बुलंदशहर से सीधा धौलाना क्षेत्र में पहुंचे और गाजियाबाद से लोकसभा उम्मीदवार डॉली शर्मा के लिए वोट मांग रहे हैं। सुशांत गोयल ने धौलाना और लोनी के चुनाव प्रचार के फोटो भी साझा किये। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में पूरी तरह से एक्टिव है चुनाव प्रचार में पूरी तरह से सक्रिय हैं और डॉली शर्मा के चुनाव प्रचार में भी पूरी ताकत के साथ प्रचार में लगे हुए हैं। उन्होंने फिर दोहराया कि अमरोहा और बुलंदशहर की प्रभारी



## अंबेडकर जयंती को लेकर खुफिया तंत्र हुआ अलर्ट हर थानाक्षेत्र के कार्यक्रमों का लिया जा रहा है डेटा

### पुलिस भी रखेगी जुलूस, यात्रा और भंडारे पर नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती है और अंबेडकर जयंती के अवसर पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन में संविधान रचयिता के जन्मोत्सव अवसर पर सैकड़ों कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। तो वहीं इन दिनों और चुनावी आचार संहिता लगी हुई है। चुनावी आचार संहिता के दौरान कोई किसी प्रकार से नियम विरुद्ध काम ना करें इसको लेकर कमिश्नरेट के शीर्ष अधिकारियों ने खुफिया तंत्र को अलर्ट किया है। वहीं सभी छोटे-बड़े आयोजनों, रैली, जुलूस, भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर थाना पुलिस से लेकर लोकल पुलिस चौकी को अलर्ट रहने के साथ-साथ यहां की निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही कहीं पर किसी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि होने पर तत्काल आलाधिकारियों को सूचना देने का भी निर्देश दिया गया है।



### आयोजन से लेकर चेहरों पर पुलिस का रहेगा फोकस

करंट क्राइम : चुनावी आचार संहिता लगी हुई है, चुनावी सीजन में बाबा साहब का जन्मोत्सव आयोजित किया जाना है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन हो इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट में कुल 30 टीमों को एक्टिव मोड पर रखा जाएगा ताकि वह अलग-अलग इलाकों में होने वाले आयोजनों और भंडारे, जुलूस, रैली वह अन्य प्रकार के कार्यक्रमों पर नजर रखने का काम कर सके। इस दौरान पुलिसकर्मियों को फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करने का भी निर्देश दिया गया है।

### अंबेडकर पार्क में तैयारी हुई शुरू

करंट क्राइम : 14 अप्रैल को होने वाले बाबा साहब जन्मोत्सव की तैयारी के लिए नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में साफ-सफाई, लाइटिंग और अन्य तैयारियां का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को ही यहां बाबा साहब को मानने वाले अनुयायियों ने यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ तैयारी शुरू कर दी हैं। बाबा साहब के जन्मोत्सव के अवसर पर यहां केक काटने से लेकर उनके जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन सभी आयोजनों पर पुलिस और खुफिया तंत्र नजर रखने का काम करेगा।

## गाजियाबाद लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक बनाये गये सतेन्द्र चौधरी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा एक सधी हुई रणनीति से चुनाव में आ रही है। वो बूथ से लेकर मंडल पर काम कर रही है। वो राम के नाम पर भी आ रही है और वो अपने काम के नाम पर भी आ रही है। सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपनी चुनावी थीम के साथ आ रही है और चुनावी मैनेजमेंट के किसी भी कोने को वो खाली नहीं छोड़ रही है। बूथ, मंडल विधानसभा में इसकी टीमें काम कर रही है और लोकसभा चुनाव लड़वाने के लिए बाकायदा लोकसभा चुनाव संचालन समिति है। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव संयोजक की व्यवस्था की गई है। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा को लोकसभा चुनाव का संयोजक बनाया गया है। वह संयोजक वाली जिम्मेदारी संभाल रहे है और यहां पर सहसंयोजक का पद खाली चल रहा था। इस पद पर पहले पवन गोयल की नियुक्ति की गई थी। लेकिन अतुल गर्ग की उम्मीदवारी की घोषणा से भी बहुत पहले पवन गोयल ने खुद को इस पद से मुक्त करने की इच्छा व्यक्त की थी। इसी के बाद से ये पद रिक्त चल रहा था। इस पद पर नाम को कई चले लेकिन यह पद भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी का पद माना जाता है और बताया ये जाता है कि उम्मीदवार अतुल गर्ग भी चाहते थे कि इस पद पर किसी जिम्मेदार व्यक्ति को लाया जाये। ये तलाश भाजपा नेता सतेन्द्र चौधरी पर समाप्त हुई है। सतेन्द्र चौधरी को भाजपा गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र का सहसंयोजक बनाया गया है। सतेन्द्र चौधरी अतुल गर्ग के पुराने सहयोगी हैं और भाजपा के पुराने चेहरे हैं। उनकी गिनती भाजपा के थिंक टैंक नेताओं में होती हैं और चुनावी मैनेजमेंट का उन्हें मास्टर माना जाता है। सतेन्द्र चौधरी अब चुनावी जिम्मेदारी संभालेंगे। यहां पर संयोजक के रूप में पहले से ही अजय शर्मा कमान संभाल रहे हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा का नाम भी इस जिम्मेदारी के लिए चला था लेकिन अशु वर्मा ने यहां कई अन्य जिम्मेदारियों को संभालने के लिए खुद को आगे किया। अब सतेन्द्र चौधरी को सहसंयोजक बनाया गया है। उनके इस पद पर आने से अतुल गर्ग का चुनावी प्रबंधन और अधिक मजबूत होना माना जा रहा है।



## कैश को लेकर चेकिंग अभियान हो गया तेज

### हर जोन में घूम रही है फ्लाइंग स्क्वायड टीम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है और आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से अंजाम देने के लिए पुलिस भी सड़कों पर उतर आई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में रोजाना अलग-अलग थानाक्षेत्र में फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम कैश चोरी छुपे ले जाने वालों पर नजर रखने का काम कर रही है। इसके साथ ही जिन लोगों के पास कैश बरामद हो रहा है और वह कैश लाने ले जाने का कारण नहीं बता पा रहे हैं, ऐसी धनराशि को पुलिस जब्त करने का काम भी कर रही है। साथ ही जहां पर लाखों की धनराशि पुलिस बरामद कर रही है उस मामले में इनकम टैक्स की टीमें और चुनाव आयोग की टीम को भी सूचना भेजी जा रही है। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया है कि यह कार्रवाई चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से करने के लिए की जा रही है।

**चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर कैश ले जाने वालों पर रखी जा रही है पैनी नजर**



### प्रशासन की ओर से बनाई गई हैं फ्लाइंग स्क्वॉड की 18 टीमें

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने और पारदर्शिता रखने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों में प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही पुलिस बल और फोटोग्राफी दस्ता भी मौजूद रहता है, जो वाहनों की चेकिंग करने के साथ ही उसमें धनराशि मिलने पर कार्रवाई करता है। गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाली लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और धौलाना आंशिक विधानसभा के प्रत्येक इलाके में तीन-तीन फ्लाइंग स्क्वायड टीम लगाई गई हैं, जो कुल मिलाकर 18 फ्लाइंग स्क्वायड टीम हैं। जो चुनाव आयोग के निर्देश पर कैश को लेकर निगरानी रखने का काम कर रही हैं।

### साहिबाबाद पुलिस ने व्यापारी से बरामद किया 22 लाख कैश और 10 मोबाइल फोन

करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव को लेकर चेकिंग अभियान तेज हो चुका है और चेकिंग अभियान का नतीजा यह है कि शुक्रवार को साहिबाबाद थानाक्षेत्र के हिंडन एयरफोर्स के पास चेकिंग के दौरान दिल्ली के नजफगढ़ के व्यापारी प्रवीण की टाटा पंच कार से पुलिस ने 22 लाख रुपए कैश और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की और गत्ते के कॉटन में कैश रखे होने की बात सामने आई तो पूछताछ में प्रवीण कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिसके बाद पुलिस ने कैश जब्त करते हुए इनकम टैक्स विभाग और चुनाव से जुड़ी अधिकारियों की टीम को पूरे मामले की सूचना दी। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया है कि अपराध की रोकथाम और चुनाव के मद्दे नजर हिंडन एयरबेस के पास चेकिंग अभियान चल रहा था, जिसमें पुलिस ने कार की चेकिंग के दौरान कार की डिग्गी में एक बॉक्स रखा देखा, उसके ऊपर जो मोबाइल फोन के डब्बे थे और वह खुला हुआ था। बाक्स के अंदर लगभग 22 लाख रुपए मिला है। गाड़ी के मालिक प्रवीण कारोबारी हैं। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाए। साथ ही किन दुकानदारों से यह पैसा और कहा से कब लिया है, इसका भी विवरण नहीं देख पाए। जिसके बाद पुलिस ने इस कैश को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई कर दी है।

### इधर छपी दैनिक करंट क्राइम में खबर, उधर पुलिस ने दिखाया असर

करंट क्राइम : दैनिक करंट क्राइम की खबरों का असर होता रहता है। शुक्रवार के अंक में ही सवाल उठाए थे कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कैश, शराब व हथियारों को लेकर चेकिंग वाला अभियान प्रमुखता के साथ नहीं चल रहा है। साथ ही अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। इसका असर हुआ शुक्रवार को खबर छपने के बाद ही साहिबाबाद पुलिस ने 22 लाख रुपए कैश के साथ एक कारोबारी को हिरासत में लिया उसका कैश और 10 मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं।



## संपादकीय

# अब हेपेटाइटिस का संक्रमण

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में भारत में हेपेटाइटिस की चुनौतियों और खतरों का उल्लेख है। लिवर से जुड़ी यह बीमारी घातक भी साबित हो सकती है और बाद में कैंसर का रूप भी धारण कर सकती है। हेपेटाइटिस बी और सी को लेकर भारत में जागृति बहुत कम है, क्योंकि इनके लक्षण ही पेचीदा हैं। चूंकि यह भी वायरल संक्रमण की बीमारी है, लिहाजा डॉक्टर भी लक्षणों का अध्ययन करते समय गलत निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं। भारत में हेपेटाइटिस बी के करीब 3 करोड़ संक्रमित मरीज हैं, जबकि हेपेटाइटिस सी के 50 लाख से अधिक लोग बीमार हैं। लिवर की सूजन और संक्रमण के साथ इन बीमारियों का बोझ उठाने वाला भारत विश्व में ऐसा दूसरा देश है। वह दिन दूर नहीं, जब विश्व में सर्वाधिक हेपेटाइटिस संक्रमण भारत में होगा। भारत में ही 2022 में हेपेटाइटिस ने एक लाख से अधिक जिंदगियां छीन ली थीं। चिंताजनक पक्ष यह है कि बहुत कम संक्रमित लोगों के लक्षण स्पष्ट हो पाते हैं, लिहाजा वे निदान और इलाज के दायरे में नहीं आ पाते। हेपेटाइटिस सी के 30 फीसदी से कम मामलों की पहचान हो पाती है, लिहाजा लिवर का यह संक्रमण ज्यादा घातक, यहां तक कि जानलेवा, साबित हो सकता है। हेपेटाइटिस बी के आंकड़े मात्र 3 फीसदी ही बताए जाते हैं। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का लक्ष्य 2030 तक भारत को हेपेटाइटिस सी से मुक्त कराना है। हेपेटाइटिस बी से जुड़ी रुग्णता, मृत्यु-संख्या और मृत्यु-दर को भी 2030 तक ही काफी कम करना है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम पटरी पर लाया जा सकता है। नतीजतन लक्ष्य भी कमोबेश हासिल किए जा सकते हैं। कई बीमारियां प्रदूषित रक्त के जरिए फैलती हैं। हेपेटाइटिस की दोनों किस्में भी दूषित रक्त के जरिए विस्तार पाती हैं। हेपेटाइटिस बी लिवर के ऊतकों पर चोट करता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। लक्षण और निदान पेचीदा हैं, लिहाजा वायरस कई सालों तक छिपा रह सकता है। वे दूसरों को प्रभावित करते हैं। लक्षण तब सामने आने लगते हैं, जब रोगाणु ज्यादा आक्रामक रुख अख्तियार कर लेते हैं। हालांकि हेपेटाइटिस की किस्मों का कोई इलाज नहीं है, लेकिन जो इलाज किया जाता है, उससे कुछ हद तक लक्षणों का बंदोबस्त किया जा सकता है। यानी इलाज से बीमारी कुछ सीमा तक काबू में की जा सकती है। हालांकि 2018 में नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम की शुरूआत की गई थी, जिसके तहत टेस्टिंग और दवाएं नि:शुल्क हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह रपट भी है कि प्रोग्राम ज्यादातर मरीजों के पास पहुंचा ही नहीं है। बीते 20 सालों में खून की जांच के प्रोटोकॉल बहुत सख्त किए गए हैं, लिहाजा रक्त के संक्रमण का जोखिम कम हुआ है। भारत में हेपेटाइटिस बी संक्रमण मामलों का अभी तक जो विश्लेषण किए गए हैं, उनमें संक्रमण मां से शिशु की ओर गया है। टीकाकरण से भी इस बीमारी और संक्रमण के विस्तार को रोका जा सकता है। भारत में टीकाकरण भी काफी अनियमित है और शिशु के जन्म लेने के तुरंत बाद जो टीकाकरण किया जाना चाहिए, उसके प्रति अशिक्षित और अज्ञानी जमात गंभीर नहीं है, लिहाजा शिशु की इम्युनिटी प्रभावित होती है।

# 'ड्रैगन सुस्त' मार्च महीने में चीन का आयात और निर्यात फिसला

## अनुमानों से काफी पीछे रह गए आंकड़े

**नई दिल्ली।** चीन से बाहर जाने वाले शिपमेंट्स में पिछले महीने (मार्च में) एक साल पहले की तुलना में 7.5% की गिरावट आई। यह पिछले साल अगस्त के बाद शिपमेंट्स में आई सबसे बड़ी गिरावट है और अर्थशास्त्रियों के 2.3% की गिरावट के पूवार्नुमान की तुलना में बहुत अधिक है। इससे पहले जनवरी-फरवरी की अवधि में ये शिपमेंट्स 7.1% बढ़े थे।

चीन के आयात और निर्यात के आंकड़े मार्च महीने में अप्रत्याशित रूप में घट गए हैं। ये आंकड़े बाजार के के पूवार्नुमान के मुकाबले काफी कम रहे हैं। सीमा शुल्क विभाग की ओर से शुक्रवार को आयात-निर्यात के आंकड़े जारी किए गए हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि चीन में आर्थिक सुधार को मजबूत करने की कोशिश में जुटे नीति निमार्ताओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।




**चीन से बाहर जाने वाले शिपमेंट्स मे पिछले साल अगस्त के बाद सबसे बड़ी गिरावट :** चीन से बाहर जाने वाले शिपमेंट्स में पिछले महीने (मार्च में) एक साल पहले की तुलना में 7.5% की गिरावट आई। यह पिछले साल अगस्त के बाद शिपमेंट्स में आई सबसे बड़ी गिरावट है और अर्थशास्त्रियों के 2.3% की गिरावट के पूवार्नुमान की तुलना में बहुत अधिक है। इससे पहले जनवरी-फरवरी की अवधि में ये शिपमेंट्स 7.1% बढ़े थे।

जोंस लैंग लासाल के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस पांग ने कहा, ₹विदेशी मुद्रा विनिमय से जुड़े व्यवधानों के अलावा, मार्च में निर्यात और आयात दोनों ही आंकड़ों का उम्मीद से अधिक कमजोर होगा यह संकेत देता है कि चीन को अपने महत्वाकांक्षी विकास लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिक व्यापक और लक्षित नीतिगत प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चीन के चीन के विदेशी व्यापार को पटरी पर लाकर फिर से विकास को ऊर्जा प्रदान करने में लंबा समय लग सकता है।

**मार्च में चीन का आयात सालाना आधार पर 1.9% घटा :** पिछले महीने चीन का कुल निर्यात कमजोर रहा, लेकिन इस्पात निर्यात जुलाई 2016 के बाद से उच्चतम स्तर पर रहा। 1.4% की वृद्धि के अनुमानों के विपरीत मार्च में चीन के आयात में भी सालाना आधार पर 1.9% की गिरावट दर्ज की गई। उससे पहले साल के पहले दो महीनों में आयात में 3.5% की वृद्धि दर्ज की गई थी।

### विकसित देशों की सख्त मौद्रिक नीति से चीनी निमार्ताओं के लिए स्थिति चुनौतिपूर्ण

आंकड़ों के अनुसार, पहली तिमाही में निर्यात में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नरम विदेशी मांग और सख्त वैश्विक मौद्रिक नीति के कारण देश के निर्यातकों को पिछले साल अधिकांश समय चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अमेरिका के फेडरल रिजर्व और अन्य विकसित देशों ने ब्याज दरों में कटौती करने की कोई हड़बड़ी नहीं दिखाई है, इससे चीनी निमार्ताओं के लिए फिलहाल चुनौतियां जारी रह सकती हैं। क्योंकि वे विदेशों में माल की बिक्री को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। चाइना बेज बुक सर्वेक्षण में कहा गया है कि बेहतर कॉर्पोरेट राजस्व, लाभ और पूंजीगत खर्च सहित व्यापार की स्थिति में हालिया सुधार, वास्तव में बहुत खराब से औसत स्थिति में लौटने जैसा है। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि कुछ उद्योगों में चीन की अत्यधिक क्षमता पर पश्चिमी देशों चिंताएं दुनिया के विनिर्माण केंद्र (चीन) के लिए अधिक व्यापार बाधाएं पैदा कर सकती हैं।

# 'महंगाई' के असर से शेयर बाजार बेदम, सेंसेक्स 800 अंक टूटा

## निफ्टी 22550 से नीचे फिसला



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में अमेरिकी महंगाई के आंकड़े जारी होने के बाद बड़ी गिरावट दिखी। अमेरिका में जारी महंगाई के आंकड़े अनुमानों से अधिक रहे हैं, जिससे निवेशकों में इस बात का संदेह बढ़ा है कि फेड ब्याज दरों में कटौती में देरी कर सकता है।

इसके बाद भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को बड़ी बिकवाली देखी गई और सेंसेक्स 800 अंकों से अधिक यानी लगभग एक प्रतिशत तक फिसल गया। निफ्टी भी शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान 22550 के स्तर के नीचे आ गया। निफ्टी के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर ये रहे। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के बाद 793.25 (1.05%) अंकों की गिरावट के साथ 74,244.90 अंकों पर बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 234.40 (1.03%) अंक फिसलकर 22,519.40 के स्तर पर पहुंच गया। मॉरीशस से निवेश करने वालों को अब और अधिक जांच का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी खबरें सामने आने के बाद विदेशी निवेशकों ने ब्लूचिप कंपनियों में बड़े पैमाने पर अपनी हिस्सेदारी में बिकवाली की, जिससे बाजार और कमजोर पड़ गया।

## राशिफल

**मेष :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृष :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

**मिथुन :** बुद्धि का प्रयोग करें। चिंता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क :** धनहानि हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट हो सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद से क्लेश हो सकता है।

**सिंह :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं।

**कन्या :** शत्रु पस्त होंगे। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे।

**तुला :** परिवार के एकाधिक सदस्यों की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृश्चिक :** पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं, संभालकर रखें। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु :** किसी अनहोनी के होने की चिंता रहेगी। स्वास्?थ्य पर खर्च हो सकता है। पुराने किए गए प्रयासों का फल अब मिल सकता है।

**मकर :** घर में वृ?द्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। ने?त्र पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** राज्य की तरफ से दिक्कत हो सकती है। विवाद करने व जल्दबाजी से बचें। नेत्र पीड़ा हो सकती है। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है।

## चुटकुले

सावधान- फेसबुक और व्हाट्सएप' का
साईड इफेक्ट सामने आ रहे हैं...
कल एक आदमी
अखबार में छपे फोटो को भी
ऊंगलियो से जूम कर रहा था...

---

लड़का- तुम लड़किया लव मैरिज क्यों करती हो..?
लड़की- अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना कमीना मिल जाये..!
लड़की- तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते हो..?
लड़का- एनाकोंडा मिलने से अच्छा है की पहले से पाली हुई नागिन मिले..!

---

टीचर- इतने दिनों से कहां थे?
पप्पू- सर बर्ड फ्लू हो गया था
टीचर- लेकिन यह तो बड्र्स को होता है, तुम्हें कैसे हुआ?
पप्पू (गुस्से में)- आपने इंसान समझा ही कब है? रोज तो मुर्गा बनाते हो

## रोचक तथ्यों का करंट


- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये परिवार है जो दुआओं से नवाजता है। यही तो अपनापन है और यही वास्ता है। आप अभी तक अखबार के निदेशक नौमान खान ने अपने छोटे भाई के पुत्र जजलान को उसकी पहली ईद पर मुबारक बाद देते हुए उसकी अच्छी सेहत, उम्र और बेहतरीन जीवन की दुआ की।

# क्या वोडा-आइडिया के दिन बहुरेंगे? अब तक का सबसे बड़ा एफपीओ लाकर इतने अरब रुपये जुटाएगी कंपनी



**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया ग्राहकों की संख्या के हिसाब से देश की तीसरी सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी है। शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में वोडाफोन आइडिया का शेयर 2.3% गिरकर 12.65 रुपये के भाव पर कारोबार करता दिखा। भारतीय दूरसंचार ऑपरेटर वोडाफोन ने शुक्रवार को बताया है कि कंपनी इस महीने के अंत में नए शेयरों की बिक्री के माध्यम से 180 अरब रुपये (2.16 बिलियन डॉलर या 18000 करोड़ रुपये) जुटाएगी। यह देश की सबसे बड़ी फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफरिंग (एफपीओ) होगी। कर्ज में डूबी कंपनी ने फरवरी में कहा था कि वह इक्विटी के जरिए 200 अरब रुपये जुटाएगी, जिसमें एक शीर्ष शेयरधारक इकाई से 20 अरब रुपये की वित्तीय सहायता भी शामिल है। यह सार्वजनिक पेशकश 10 रुपये प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस पर होगी और 18 अप्रैल से 22 अप्रैल तक बोली के लिए खुलेगी। देश की तीसरी सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी है वोडा आइडिया वोडाफोन आइडिया ग्राहकों की संख्या के हिसाब से देश की तीसरी सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी है। शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में वोडाफोन आइडिया का शेयर 2.3% गिरकर 12.65 रुपये के भाव पर कारोबार करता दिखा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# आरसीबी के कप्तान ने हार के लिए सिराज एंड कंपनी को ठहराया कसूरवार

● हार्दिक ने बुमराह-सूर्या की तारीफ की



**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसिस को लगता है कि उनकी टीम के गेंदबाजी विभाग में ज्यादा आक्रामकता नहीं है और इसलिए बल्लेबाजों को आईपीएल में आगे बढ़ने के लिए इस कमजोरी की भरपाई करनी होगी। आरसीबी को गुरुवार को छह मैचों में पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। यह उनकी लगातार चौथी हार रही। डुप्लेसिस ने मैच के बाद कहा, 'बल्लेबाजी के नजरिए से मुझे लगता है कि हमें 200 रन बनाने होंगे। हमारी गेंदबाजी में उतनी धार नहीं है, तो पूरी जिम्मेदारी बल्लेबाजों पर आ जाती है। उन्होंने कहा, 'गेंदबाजी के लिहाज से देखा जाए तो हमारे पास उतनी मजबूती नहीं है। हमें पावरप्ले में दो या तीन विकेट गिराने होंगे।' डुप्लेसिस ने मुंबई इंडियंस से सात विकेट की हार के बाद कहा, 'हमें लगता है कि पहले चार ओवर के बाद हम बैकफुट पर ही रहते हैं.' डुप्लेसिस का मानना है कि आरसीबी जीत के स्कोर से कुछ रन दूर था क्योंकि ओस ने दूसरी पारी में बड़ी भूमिका निभाई। 'हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं हुई' डुप्लेसिस ने कहा- इस हार को पचाना बेहद मुश्किल है। मैदान गीला था। किसी भी तरह टॉस जीतना अच्छा होगा। मुंबई इंडियंस को श्रेय जाता है कि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और हमारे गेंदबाजों ने काफी गलतियां कीं। मुंबई से जो भी बल्लेबाजी के लिए आया, उसने काफी अच्छे शॉट्स लगाए। हमने इसके बारे में (ओस) बात की। हमें पता था कि ओस बड़ी भूमिका निभाएगी। हमें 215-220 रन चाहिए थे। 190 रन काफी नहीं थे। कुछ स्थानों पर यह बड़ी बात है। जब ओस जम जाती है, तो इस स्कोर को बचाया बहुत कठिन था। हमने कई बार गेंद बदली। यह एकमात्र ऐसा खेल है जहां परिस्थितियों में बदलाव से अंतर पैदा होता है। डुप्लेसिस ने कहा- बुमराह असली अंतर जसप्रीत बुमराह (21 रन देकर पांच विकेट) के शानदार स्पैल के बारे में पूछने पर डुप्लेसिस ने कहा, 'वह दो पारियों में अंतर पैदा कर रहे हैं। हमने उन्हें दबाव में रखा, लेकिन एक व्यक्ति जो मैदान पर रहता है वह हमें दबाव में डाल देता है। आप उन्हें दबाव में रखना चाहते हैं, लेकिन उनके पास काफी वेरिएशन है जो उन्हें अलग बनाती है। उनके पास अच्छी बाउंसर, धीमी गेंद है। (लसिथ) मलिंगा टी20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे, लेकिन अब बुमराह ने बागडोर संभाल ली है। कप्तान को पता होता है कि उन्हें गेंदबाजी सौंपकर आप कभी भी विकेट ले सकते हैं या फिर उनके सामने डिफेंसिव हो सकते हैं।' हार्दिक ने बुमराह-सूर्या की तारीफ की विजेता कप्तान हार्दिक पांड्या भी बुमराह के प्रदर्शन से प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा, 'मैं भाग्यशाली हूं कि बुमराह मेरी टीम में हैं। वह बार-बार ऐसा करते हैं और हर बार जब भी मैं उन्हें गेंदबाजी सौंपता हूं, वह विकेट लेते हैं। वह नेट्स में काफी अभ्यास करते हैं। उनके पास इतना अनुभव और आत्मविश्वास है।' हार्दिक ने सूर्यकुमार यादव के प्रयास की भी सराहना की जिन्होंने 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 19 गेंद में 52 रन बनाकर मुंबई इंडियंस के लिए चेज आसान कर दिया। मुंबई इंडियंस के कप्तान ने यह भी कहा कि उनका मकसद नेट रन रेट को बेहतर करने के लिए तेजी से लक्ष्य का पीछा करना था।

# पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरी कॉम , निजी कारणों का दिया हवाला



**नई दिल्ली।** छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई है। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है।

मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा ,ह्यह्य देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं। उन्होंने कहा ,ह्यह्य इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी। आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेत मैरी कॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होती। उषा ने एक बयान में कहा , हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरी कॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जायेगी। उन्होंने कहा , मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।

# 'दिमाग में इसके वर्ल्ड कप चल रहा है!' कार्तिक की तूफानी बल्लेबाजी देख रोहित ने इस तरह कसा तंज





**मुंबई।** आईपीएल 2024 में जब शुरू-शुरू में मुंबई इंडियंस के कैंप में रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या के बीच कप्तानी को लेकर विवाद हुआ, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि सबकुछ जल्द ही ठीक हो जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहली जीत के बाद से मुंबई के कैंप में सबकुछ नॉर्मल होता दिख रहा है। न सिर्फ हार्दिक, बल्कि मुंबई के पूर्व कप्तान भी अब मैदान पर अपने पुराने रंग में लौट चुके हैं। वह सामने वाली टीम के खिलाड़ियों पर तंज कस रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जो रोहित सामान्य रूप से करते हैं। भारत के लिए खेलते हुए रोहित की बातें कई बार स्टंप माइक पर रिकॉर्ड होती हैं। अब गुरुवार को भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में रोहित का दिनेश कार्तिक पर तंज कसना वायरल हो रहा है। कार्तिक ने खेली तूफानी पारी दरअसल, एक वक्त 17वें ओवर में आरसीबी ने 153 रन बना लिए थे। तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह टीम 196 के स्कोर तक पहुंच पाएगी। हालांकि, इसके बाद 38 साल के दिनेश कार्तिक ने आक्रामक अंदाज अपनाया और 23 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 53 रन की तूफानी पारी खेली। इसी साल आईपीएल के बाद टी20 विश्व कप 2024 खेला जाना है। हेड कोच राहुल द्रविड़ के साथ-साथ चयनकर्ता पहले ही कह चुके हैं कि टीम चुनने में आईपीएल के प्रदर्शन की मदद ली जाएगी। ऐसे में कोई भी खिलाड़ी कोई कसन नहीं छोड़ना चाहता है। वहीं, कार्तिक ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है। ऐसे में रोहित ने कार्तिक को ट्रोल करने की कोई कसर नहीं छोड़ी। रोहित ने कार्तिक को क्या कहा? रोहित ने कार्तिक पर बीच मैदान तंज कसा। स्लिप में खड़े हिटमैन आरसीबी के इस दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज के करीब गए और उनकी बातें स्टंप माइक पर रिकॉर्ड हो गईं। रोहित ने कहा- वर्ल्ड कप सेलेक्शन के लिए पुश करना है इसको। दिमाग में इसके वर्ल्ड कप चल रहा है वर्ल्ड कप। शाबाश डीके! वर्ल्ड कप चल रहा है, वर्ल्ड कप। इसके बाद रोहित ईशान के साथ हंसते दिखे। इसका वीडियो भी सामने आया है। मैच की बात करें तो आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 196 रन बनाए थे। कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने 40 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 61 रन, रजत पाटीदार ने 26 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली। वहीं, दिनेश कार्तिक ने 23 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 53 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट झटके। जवाब में मुंबई ने 15.3 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ईशान किशन ने 34 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 69 रन, रोहित शर्मा ने 24 गेंद में 38 रन और सूर्यकुमार यादव ने 19 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 52 रन की पारी खेली। कप्तान हार्दिक छह गेंद में 21 रन और तिलक वर्मा 10 गेंद में 16 रन बनाकर नाबाद रहे।

# क्या रोहित शर्मा डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2027 वनडे विश्व कप में खेलेंगे ? खुद दी जानकारी




**मुंबई।** भारत को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल और फिर वनडे विश्व कप के खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। दोनों ही बार भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में थी। विश्व कप में मिली हार को अब छह महीने होने जा रहे हैं, लेकिन फैंस के दिलों में उस हार का दर्द अब भी मौजूद है। रोहित के भविष्य को लेकर काफी बातें कही जाती रही हैं, लेकिन उन्होंने संकेत दिए हैं कि उनकी नजर अगले साल होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2027 वनडे विश्व कप खेलने पर टिकी हैं। 'वनडे विश्व कप की वास्तविक विश्व कप है' 36 वर्षीय रोहित 2007 टी20 विश्व कप की विजेता टीम का हिस्सा रहे थे, लेकिन उन्होंने कहा कि 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। रोहित ने कहा, मैं फिलहाल अच्छा खेल रहा हूं और मुझे ऐसा लगता है कि आगे भी कुछ वर्षों तक खेल सकता हूं। मुझे वाकई 2023 विश्व कप जीतना चाहता था। 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। हम वनडे विश्व कप को देखकर ही बड़े हुए हैं। अगले साल लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होना है और मुझे उम्मीद है कि हम उसमें जगह बनाएंगे। फाइनल की हार से अबतक नहीं उबर सके भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप फाइनल में मिली हार को करीब छह महीने बीत गए हैं, लेकिन रोहित का कहना है कि यह हार ऐसी है जिससे वह अबतक नहीं उबर सके हैं। उन्होंने कहा, विश्व कप का आयोजन भारत में हो रहा था। फाइनल तक हमने बेहतरीन क्रिकेट खेला। जब हम सेमीफाइनल जीते तो मुझे लगा कि हम अब ट्रॉफी जीतने से एक कदम दूर हैं। मैं सोचता रहा कि वो कौन सी एक चीज है जिस कारण हम फाइनल में हारे और ईमानदारी से कहूं तो मेरे दिमाग में कुछ भी नहीं आया। हमने अच्छा क्रिकेट खेला और आत्मविश्वास भी था, लेकिन वो खराब दिन था और ऑस्ट्रेलिया का अच्छा दिन था। मुझे नहीं लगता कि हमने फाइनल में खराब क्रिकेट खेला। 'आईपीएल काफी आगे बढ़ गया है' रोहित उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जो 2008 में आईपीएल की शुरूआत से ही टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं और उन्होंने एक भी सीजन मिस नहीं किया है। रोहित ने कहा कि टूर्नामेंट में अब कोई कमजोर टीम नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले एक दशक में आईपीएल काफी आगे बढ़ गया है और सभी टीम अब प्रतिस्पर्धी हो गई है। मुझे नहीं लगता कि आईपीएल में कोई कमजोर टीम है। यह ईपीएल के फर्स्ट डिविजन टीम की तरह है जहां कोई भी टीम किसी को हरा सकती है। लेकिन यह शुरूआत में वैसा नहीं था। अब इसमें काफी तकनीक आई गई है जिससे लोगों को समझ आ रहा है कि कहां सुधार करना है इसलिए वे नीलामी में सही खिलाड़ियों का चयन कर रहे हैं।

# दिल्ली के खिलाफ जीत का चौका लगाने उतरेगी राहुल की लखनऊ टीम



**लखनऊ।** आईपीएल 2024 के 26वें मैच में आज लखनऊ सुपर जाएंट्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से है। मौजूदा अंक तालिका में जहां लखनऊ की टीम तीसरे स्थान पर काबिज है, वहीं दिल्ली की टीम सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। ऋषभ पंत की वापसी के बावजूद दिल्ली की टीम के लिए कुछ नहीं बदला है। टीम अब तक अपने पांच में से चार मैच गंवा चुकी है। दिल्ली को एकमात्र जीत चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिला था। वहीं, लखनऊ ने अभी तक अपने चार में से तीन मैच जीते हैं और उसे सिर्फ एक मुकाबले में हार मिली है। दिल्ली की टीम इस मैच को जीतकर अंक तालिका में खुद को ऊपर ढकलने की कोशिश करेगी। वहीं, राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम को सही कॉम्बिनेशन मिल चुका है और मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद जीतने में कामयाब रही है। हालांकि, टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले भारत के तूफानी गेंदबाज मयंक यादव अगले दो मैचों के लिए बाहर हो गए हैं। इससे जरूर टीम को झटका लगा होगा। क्योंकि उनकी कहर बरपाती गेंदों को कोई भी बल्लेबाज समझने में कामयाब नहीं हो पाया था। उनकी गैरमौजूदगी में बाकी गेंदबाजों को अच्छे से जिम्मेदारी संभालनी होगी। हालांकि, यश ठाकुर ने पांच विकेट लेकर पिछले मैच में उनकी कमी महसूस नहीं होने दी थी।

टीम की बात करें तो दिल्ली के लिए अभी तक कुलदीप यादव की वापसी का कोई अपडेट नहीं है। कुलदीप ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे हैं। मुकेश कुमार और मिचेल मार्श भी चोटिल हैं। ऐसे में टीम को कुछ बड़े झटके लगे हैं। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर जेक फ्रेजर मैकगर्क डेब्यू कर सकते हैं। वहीं, लखनऊ की टीम को मयंक के चोटिल होने से झटका तो लगा है, लेकिन मोहसिन की वापसी टीम के लिए सकारात्मक खबर है। टीम की बल्लेबाजी लाइन अप बेहद मजबूत दिख रही है और दिल्ली के गेंदबाजों को क्विंटन डिकॉक, स्टोइनिस और पूरन से बचकर रहना होगा।

### दिल्ली के लिए लखनऊ से पार पाना आसान नहीं

बाकी टीमों की तुलना में दिल्ली के लिए लखनऊ से पार पाना सबसे कठिन चुनौती है, क्योंकि राहुल की टीम का पंत की टीम के खिलाफ 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल तीन मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से लखनऊ ने सभी तीन मैच जीते हैं। लखनऊ की टीम आज दिल्ली के खिलाफ जीत का चौका लगाने उतरेगी। वहीं, दिल्ली की टीम लखनऊ के खिलाफ जीत का खाता खोलना चाहेगी। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला हुआ है और उसमें मार्क वुड के पांच विकेट की बदौलत लखनऊ ने 50 रन से जीत हासिल की थी।

### दोनों टीमों का अब तक का सफर

दिल्ली का अब तक का सफर कुछ खास नहीं रहा है। उसे पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 12 रन, कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 106 रन और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 29 रन से हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली ने चेन्नई को 20 रन से शिकस्त दी थी। वहीं, लखनऊ को अपने पहले मैच में राजस्थान से 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद टीम लगातार तीन मुकाबले जीत चुकी है। उसमें पंजाब को 21 रन से, बेंगलुरु को 28 रन से और गुजरात को 33 रन से हराया है।

# लखनऊ सुपरजाएंट्स को बड़ा झटका, अगले दो मैच से बाहर हुआ कई रिकॉर्ड बनाने वाला यह गेंदबाज



**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजाएंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव कूल्हे में जकड़न के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सकेंगे। लखनऊ का सामना शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा जिसके बाद 14 अप्रैल को कोलकाता में खेलना है। लखनऊ के कोच जस्टिन लैंगर ने उम्मीद जताई कि मयंक 19 अप्रैल को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ होने वाले मैच तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि वह 19 अप्रैल तक फिट हो जाएंगे। हम चाहते हैं कि वह हर मैच खेले। वह काफी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली के खिलाफ मैच नहीं खेल सकेगा। आईपीएल में डेब्यू के साथ सीजन की सबसे तेज गेंद फेंकने वाले मयंक गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को एक ओवर डालने के बाद मैदान से चले गए थे। कोच लैंगर ने कहा,उसके कूल्हें में जकड़न है। गुजरात के खिलाफ एक ओवर डालने के बाद उसे महसूस हुआ। हमने एमआरआई कराया जिसमें थोड़ी सी सूजन नजर आई। हमें उम्मीद है कि वह जल्दी ही मैदान पर लौटेगा।

# अर्धशतकीय पारी के साथ सूर्या ने टी20 क्रिकेट में पूरे किए 7000 रन, ऐसा करने वाले चौथे भारतीय बने



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 क्रिकेट में 7000 रन बनाने वाले चौथे सबसे तेज भारतीय बन गए। 33 वर्षीय बल्लेबाज ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलकर इस रिकॉर्ड को कायम किया। उन्होंने टी20 में अपनी 249वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की। शीर्ष पर केएल राहुल भारतीय बल्लेबाजों में केएल राहुल शीर्ष पर बने हैं। उन्होंने अपनी 197वीं पारी में सबसे तेज 7000 रन पूरे किए। वहीं, बाबर आजम (187) और क्रिस गेल (192) के बाद लखनऊ के कप्तान तीसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं। आरसीबी के विस्फोटक बल्लेबाज विराट कोहली 7000 हजार रन पूरे करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं। उन्होंने 22 पारियों में इस मुकाम को हासिल किया। वहीं, शिखर धवन ने 246 पारियों में यह रिकॉर्ड बनाया। 17 गेंदों में सूर्या ने ठोका पचासा वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में सूर्यकुमार यादव ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विरोधी टीम के खिलाफ 17 गेंदों में पचासा ठोका। आरसीबी के खिलाफ उन्होंने पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। उनकी इस पारी के दम पर मुंबई ने 27 गेंदों के शेष रहते हुए 197 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इस मुकाबले के बाद सूर्या ने कहा, वानखेड़े में वापस आना हमेशा अच्छा होता है। टीम में शामिल होना बहुत अच्छा रहा। मानसिक रूप से, मैं यहाँ था, केवल शारीरिक रूप से बैंगलोर में। वापसी करके अच्छा लगा, वानखेड़े में 200 रन का पीछा करते हुए आ रहा हूं, अगर ओस है तो मौका लेना जरूरी है। नेट रन रेट के लिए मैच को जल्दी खत्म करना चाहता था। सात विकेट से जीती एमआई आईपीएल 2024 के 25वें मैच में मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज की। एमआई अपनी दूसरी जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, आरसीबी नौवें पायदान पर बनी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 196 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई ने 15.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 199 रन बनाए।

# 'फैंस से शिकायत नहीं कर सकते...', हार्दिक पांड्या की हो रही आलोचना पर ईशान किशन का बयान



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के लिए वानखेड़े स्टेडियम में एक और मैच, साथ ही एक और अवसर जहां कप्तान हार्दिक पांड्या की हूटिंग की गई। टूनामेंट की शुरूआत के बाद से ही यही कहानी रही है। फैंस रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को मुंबई का नया कप्तान बनाए जाने से नाराज हैं। गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली तक को हार्दिक के समर्थन में आना पड़ा और फैंस से हार्दिक को परेशान करना बंद करने के लिए कहा। मैच के बाद एमआई के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बारे में बात की। ईशान के लिए हार्दिक के लिए कही यह बात ईशान को लगता है कि हार्दिक को उनकी कड़ी मेहनत के लिए कभी न कभी मैदान के अंदर और बाहर फैंस से सराहना मिलेगी। उन्होंने कहा, 'हार्दिक पंड्या को चुनौतियां पसंद हैं। वह पहले भी इस स्थिति में रहे हैं और वह अभी भी उसी स्थिति में है। वह ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो सामने आएंगे और इस बारे में बात करेंगे। मुझे पता है कि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो मैदान के बाहर वास्तव में कड़ी मेहनत करता है। मैदान पर वह बहुत अलग स्तर पर होते हैं।' ईशान ने कहा- मुझे पता है कि वह इसका आनंद उठा रहे होंगे। मैंने उनके साथ काफी समय बिताया है। उन्हें मजा आ रहा होगा। वह चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं क्योंकि आप फैंस से शिकायत नहीं कर सकते। वे अपनी उम्मीदों के साथ आएंगे, वे अपनी बात रखेंगे। लेकिन साथ ही मुझे पता है कि हार्दिक पांड्या कैसे सोचते हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें चुनौतियां पसंद हैं।

ईशान ने यह भी कहा कि हार्दिक ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो बाहर आएंगे और फैंस को हूटिंग को रोकने के लिए कहेंगे, क्योंकि उनकी अपनी उम्मीदें और मानसिकता है। हालांकि, ईशान को उम्मीद है कि फैंस जल्द ही नए कप्तान को प्यार करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा, 'वह लोगों के ऐसा करने से खुश हैं। आने वाले मैचों में वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे और लोग उन्हें फिर से पसंद करने लगेंगे। क्योंकि अगर आप अच्छा कर रहे हैं तो लोग भी आपकी मेहनत को पहचानेंगे। हमारे फैंस ऐसे ही हैं। वे आप पर थोड़ा कठोर हो सकते हैं, लेकिन साथ ही जब आप दिखाते हैं कि यह आपको परेशान नहीं कर रहा है और आप एक अच्छे स्पेस में हैं और अच्छा प्रदर्शन करने के इच्छुक हैं, तो यह बदल जाता है। आज नहीं तो कल। कल नहीं तो परसों।

ईशान ने कहा- ड्रेसिंग रूम में हार्दिक की हूटिंग चर्चा का विषय नहीं है क्योंकि ड्रेसिंग रूम में हर कोई कप्तान का पूरा समर्थन कर रहा है। हम सिर्फ उनके बारे में नहीं सोचते कि उनकी हूटिंग हो रही है या नहीं। हम उनका समर्थन करने के लिए हैं। मुझे बस उनके लिए खुशी है कि हार्दिक इस स्थिति में भी प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। वह मैदान पर जा रहे हैं और पहली ही गेंद पर छक्का लगा रहे हैं, यह जानते हुए कि चीजें आपके पक्ष में नहीं हैं। लोग आपसे सवाल भी कर सकते हैं, लेकिन यह कुछ ऐसा है जो हार्दिक पांड्या हमेशा से करते रहे हैं।

# शक्तिस्वरूपा नारियां ही इस आम चुनाव में देंगी जवाब- गीता शाक्य





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महिला मोर्चा लेगा विरोधियों से मोर्चा, मोदी युग में आगामी कार्यकाल में महिलाओं को मिलेंगे अभूतपूर्व अवसर। वर्षा कौशिक क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा गाजियाबाद की आधी आबादी ने मोदी जी के रोड शो में दिखाई अभूतपूर्व ताकत।

महिला मोर्चा की प्रशंसा ट्वीट के माध्यम से मोदी जी ने की - संजीव शर्मा। महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद, गाजियाबाद महिला मोर्चा ने ठाना है अतुलजी को आठ लाख पार करना है। डॉ. उदिता त्यागी संयोजक महिला मोर्चा गाज़ियाबाद आज दिनांक 12 अप्रैल को शहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा मंडल संवाद सम्मेलन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती गीता शाक्य, विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा वर्षा कौशिक, पूर्व मेयर आशा शर्मा, लोकसभा प्रभारी एवं महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रज्ञा पाठक, महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह, पूनम सिंह, क्षेत्रीय मंत्री सिद्धि प्रधान, अंजना त्यागी, साक्षी नारंग, मीना भंडारी, क्षेत्रीय मंत्री व मुरादनगर विधानसभा महिला सम्पर्क प्रमुख कविता सिरोही, पार्षद शीतल चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा प्रियंका पांडेय मंच पर उपस्थित रहीं।



महानगर महामंत्री महिला मोर्चा भक्ति सिंह ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमन सिंह, विधानसभा महानगर से महानगर महामंत्री महिला मोर्चा रेनू चंदेला, महानगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा लवली कौर, महानगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दीप्ति अरोड़ा, महानगर मंत्री मीना गांधी, महानगर मंत्री प्रमिला चौधरी, महानगर मंत्री सुषमा गंगवार, महानगर मंत्री सुमन सती, महानगर मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा दीप्ति चौहान, महानगर सोशल मीडिया प्रभारी किरण सिंह, महानगर शोध प्रभारी करुणा सिसोदिया एवं कार्यक्रम की संयोजिका शिरोमणि त्यागी रहीं। कार्यक्रम में सभी मण्डल की सैकड़ों बहनें ने उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया रहीं।

# प्रदेश इकाइयों के अध्यक्षों को प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक वैश्य प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश दिए






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईवीएफ ने अपनी प्रदेश इकाइयों के अध्यक्षों को प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक वैश्य प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं जोकि वैश्य समाज को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे एवं राष्ट्रहित में वोट करेंगे।

वर्तमान काल में अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने यह महसूस किया कि भारतीय जनता पार्टी/एन.डी.ए. के अलावा देश में कोई भी राजनीतिक दल भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम नहीं कर रहा है अपितु कुछ दल तो सनातन धर्म का अपमान करके स्वयं के लिए गौरवान्वित महसूस करते हैं। बैठक में हुए गहन चिन्तन के पश्चात यह निर्णय लिया गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में आईवीएफ सनानत एवं हिन्दुत्व की चिन्ता करने वाली एकमात्र पार्टी भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देगी और वैश्य समाज को शत-प्रतिशत वोट करने के लिए प्रेरित करेगी।

भारतवर्ष में उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक निवास करने वाले वैश्य समाज के सभी घटक राष्ट्रहित में तथा सनातन धर्म की रक्षा हेतु वोटर जागरूकता अभियान में कन्धे से कन्धा मिलाकर कार्य करेंगे और सर्वसमाज को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे तथा आपके व्यापारिक प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान इत्यदि में कार्य करने वाले लोगों को भी वोट करने के लिए प्रेरित करेंगे।

हमारा वोट भारत की अर्थव्यवस्था को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने तथा सनातन धर्म के सम्पूर्ण विश्व में विस्तार करने और देश में व्यवसायिक गतिविधियों को तेज करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# ग्राउंड हैंडलिंग सुविधाओं के लिए बर्ड ग्रुप से करार

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान और लैंडिंग के दौरान यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए बर्ड ग्रुप कंपनी से करार किया गया है। कंपनी टर्मिनल बिल्डिंग से हवाई जहाज तक यात्रियों का सामान पहुंचाने, रैंप की सुविधा, चेकिंग, ट्राली बैग व व्हीलचेयर सुविधाएं प्रदान करेगी।

इसमें नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय कंपनी बर्ड ग्रुप देश में 21 एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। नोएडा एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने बताया कि एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यात्रियों को अलग अनुभव प्रदान होगा। वहीं, बर्ड ग्रुप के कार्यकारी निदेशक गौरव भाटिया का कहना है कि नई प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकियों को पेश करके सेवा प्रदान की जाएगी।

एक रनवे और एक टर्मिनल एयरपोर्ट के पहले चरण में प्रतिवर्ष 12 मिलियन यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। सभी चार विकास चरणों के पूरा होने पर नोएडा एयरपोर्ट प्रतिवर्ष 70 मिलियन यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा।

## ट्रेन की चपेट में आया अज्ञात युवक , मौत

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में स्थित गांव हिसाली फाटक से चंद कदम दूरी पर ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि गांव हिसाली फाटक से मुरादनगर की और रेलवे ट्रैक पर किसी का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30 साल के आसपास है। उन्होने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हुई। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है।




## कौन थ्री-स्टार आ रहा है आजकल पुलिस ऑफिस पर ज्यादा नजर



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों खास ऑफिस से कुछ लोगों को लाइन वाला फाइन मिला था। फाइन मिलने के बाद सूत्र बता रहे हैं कि आजकल वह पुलिस मुख्यालय में एक खास ऑफिस में नजर आ रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि जो थ्री-स्टार कल तक लाइन वाले ऑफिस और आवास पर होते थे वह आजकल एक कार्यालय में नजर आ रहे हैं। वैसे विभाग में इन दिनों उनकी लाइन वाली कार्रवाई क्यों हुई है यह जानने की दिलचस्पी नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारियों में बनी हुई है। कई लोगों को तो जानकारी ही खबर सामने आने के बाद लग पाई बताई गई है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस थ्री-स्टार को लाइन वाला सीन दिखाया गया है, वह अपनी दशा सुधारने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन सूत्र दावा कर रहे हैं कि उन पर कृपा होना सभी असंभव है। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि सिटी वाले जोन में अभी 14 अप्रैल को लेकर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं हर जुलूस से लेकर कार्यक्रम और रैली से लेकर भंडारे पर भी खुफिया तंत्र से लेकर वर्दी वालों को तैनाती दी जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस थ्री-स्टार का लाइन के लिए आदेश हुआ है वह लंबे समय तक एक कार्यालय में डटे रहे हैं, अचानक से लाइन वाली कार्रवाई कई तरीके के प्रश्न भी उठा रही है। आलम यह है कि आदेश इस गोपनीय तरीके से किया गया था कि ना तो आईपीएस अधिकारियों को ही जानकारी थी और ना ही विभाग वाले अन्य थ्री और टू-स्टार इस पूरे मामले को जानते थे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि फिलहाल तो मामला अभी एक पुराने वाले की टू-स्टार संभाल रहे हैं। जिन लोगों को ट्रेनिंग वाले पीरियड के तौर पर भेजा गया था, उन्हें पसंद क्यों नहीं किया गया है यह भी सवाल उठ रहा है। वहीं जिस लंबे चौड़े टू-स्टार को कार्यालय में मुख्य कार्य के लिए भेजा गया था अभी उनको लेकर भी स्थिति क्लियर नहीं हो पाई है। वहीं जिस टू-स्टार पर इन दिनों सबसे ज्यादा भरोसा जताया जा रहा है, इसकी भी चर्चा कमिश्नरेट वाले कई कार्यालय में हो रही है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि आने वाले समय में फिर उनको कृपा वाला आशीर्वाद मिल सकता है। वैसे आने वाले दिनों में क्या होगा और क्या किया जा सकता है अभी यह केवल कयास पर ही चल रहा है।

# भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने किया 30 एचपी बोर के कार्य का निरीक्षण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी उदयगिरि टावर के सामने और जयपुरिया एनक्लेव के बीच में पानी की टंकी के साथ क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल की पार्षद निधि से पीने के पानी के लिए 30 एचपी के बोर का कार्य चल रहा है।

भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा इस कार्य का निरीक्षण किया गया। चुनाव के समय कौशांबी के नागरिकों से वादा किया था की पीने के पानी की दिक्कत ना हो इसके लिए इससे पहले भी एक 30 एचपी की बोरिंग एंजेल माल के साथ लगी पानी की टंकी के पास कराया गया और दूसरा बोरिंग अब इस जगह पर कराया जा रहा है। गंगा वॉटर उपलब्ध न होने के कारण पानी की समस्या रहती है उसको देखते हुए यह कार्य कराया जा रहा है ताकि पानी की सप्लाई निरंतर बनी रहे कौशांबी वेलफेयर एसोसिएशन एवं जयपुरिया वेलफेयर एसोसिएशन और कौशांबी टावरों की एसोसिएशन इस कार्य की मांग की गई थी।

इस अवसर पर कौशांबी वेलफेयर एसोसिएशन एवं जयपुरिया वेलफेयर एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी शोभा रानी बरनवाल वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार समाजसेवी एस आर सिंह टी एस डबराल भाजपा नेत्री रेनू मल्होत्रा उदयगिरि टावर से कमल ओबेरॉय कंचनजंगा टावर से आलोक माथुर उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और उसकी दो बहनों की मौत

## एक ही बाईक पर थे चारों



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा थाना बीटा-2 क्षेत्र में परी चौक पर शुक्रवार की तड़के करीब तीन बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन भाई-बहनों की मौत हो गई। इसमें बाइक चला रहे सुरेंद्र सिंह (28) और उनकी दो बहनों शैली (26) व अंशू (14) की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार सिम्मी घायल हो गई। कासना में शादी समारोह से चारों लोग एक बाइक पर सवार अपने घर थाना कुलेसरा गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद परिवार में अब सिर्फ एक बेटा बचा है। घटना के बाद माता-पिता बदहवास हो गए और रिश्तेदार भी बेहाल हैं। पुलिस ने परिजन की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना ईकोटेक-3 के कुलेसरा गांव स्थित मधुबन विहार कालोनी में शिव सिंह परिवार के साथ रहते हैं। वह औद्योगिक क्षेत्र में एक बल्व बनाने वाली फैक्ट्री में काम करते हैं। बृहस्पतिवार को उनका बेटा सुरेंद्र सिंह अपनी बहन शैली व अंशू के साथ कासना में अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

शादी के बाद रात करीब 2.30 बजे सुरेंद्र सिंह अपनी स्प्लेंडर बाइक पर अपनी दोनों बहनों को लेकर घर आने लगे तो उसी दौरान शैली की सहेली सिम्मी ने कहा कि उसे भी वह अपने साथ ले चलें। चारों लोग एक बाइक पर किसी तरह घर के लिए चले। तड़के करीब 3 बजे परी चौक के पास सुरेंद्र सिंह की बाइक को एक अज्ञात बडे. वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए। इतना ही नहीं दुर्घटना के दौरान बाइक दूर तक घिसटती चली गई और बाइक बुरी चकनाचूर हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में शैली और अंशू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र सिंह को निजी अस्पताल में वेंटीलेटर पर रखा गया। शुक्रवार दोपहर को सुरेंद्र सिंह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।


सुरेंद्र अविवाहित थे और लाइटें बनाने वाली निजी कंपनी में काम करते थे। इस हादसे में शिव सिंह ने अपने तीन बच्चों को खो दिया है। अब केवल उनका छोटा बेटा शिवम बचा है जो ग्रेटर नोएडा में ही एक कॉलेज से पढ़ाई कर रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# माह के अंत तक 1075 फ्लैटों की रजिस्ट्री

## बैठक में सीईओ ने 15 बिल्डरों को फ्लैटों की रजिस्ट्री के दिए निर्देश

**नोएडा।** शहर में माह के अंत तक 1075 फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है। बिल्डरों ने कुल बकाया की 25 प्रतिशत रकम जमा करा दी है, लेकिन किसी न किसी वजह से रजिस्ट्री का काम अटका हुआ है। शुक्रवार को प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के साथ बैठक में बिल्डरों ने जल्द रजिस्ट्री का काम करने का आश्वासन दिया है।

**325 की रजिस्ट्री हो चुकी हैं, कुल 1400 का लक्ष्य**



लिगेसी स्टाल्ड रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की समस्याओं के निदान के लिए जारी शासनादेश के बाद 57 बिल्डरों में से 42 ने छूट के बाद 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने की सहमति दी है। इनमें 15 बिल्डरों की ओर से 10 अप्रैल तक धनराशि जमा करा दी गई है। इन बिल्डरों को कुल 1400 रजिस्ट्रियां कराने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन अभी तक 325 ही हुई हैं। बैठक में बिल्डरों ने बताया कि बीच हुईं रजिस्ट्रियां जल्द कराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन फ्लैट खरीदार रजिस्ट्री कराने में अपेक्षित रूचि नहीं ले रहे हैं। कुछ खरीदार देश से बाहर हैं तो कुछ ने फ्लैट किराये पर दे रखा है। ऐसे में खरीदारों को उनके मूल पते पर रजिस्ट्री कराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं। माह के अंत तक सभी स्वीकृत रजिस्ट्रियां करा दी जाएंगी।

**इन बिल्डरों ने दिया आश्वासन**


सेक्टर-78 नोएडा के आवंटी मेसर्स आईआईटीएल निबंस के प्रतिनिधि ने बताया कि स्वीकृत 218 में से 148 रजिस्ट्रियां बची हैं। इनमें 41 के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह होगा। इसी तरह सेक्टर-144 के आवंटी मेसर्स गुलशन होम्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने बताया कि तीन परियोजनाओं में कुल स्वीकृत 316 रजिस्ट्रियों में से 226 बची हैं। इनमें 25 के दस्तावेज तैयार हैं। रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह तक हो जाएगा।

सेक्टर-168 के आवंटी मेसर्स कैपिटल इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने बताया कि कुल स्वीकृत 68 रजिस्ट्रियों में से 38 के दस्तावेज तैयार हैं। सेक्टर-108 के आवंटी मैसर्स डिवाइन इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर ने बताया कि कुल स्वीकृत 35 रजिस्ट्रियों में से 17 बची हैं। सेक्टर-75 के आवंटी मेसर्स ऐपेक्स ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने बताया कि कुल स्वीकृत 154 रजिस्ट्रियों में से 20 माह के अंत तक हो जाएंगी। अन्य खरीदारों को भी नोटिस देकर रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया जाएगा।

# डकैती के मामले में अहम सुराग मिले

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** कस्बा निवाड़ी में दो दिन पहले महिला को बंधक बनाकर डकैती मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ मिले हैं। एक-दो दिन में मामले का खुलासा हो सकता है। बदमाशों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। निवाड़ी में सालेनगर मार्ग पर बुधवार दोपहर एक बजे के आसपास बदमाशों ने दीपिका त्यागी को बंधक बनाकर 3.5 लाख रुपये नकद और 40 तोला सोना लूट लिया था। सूत्रों के अनुसार, बदमाशों के बारे में पुलिस को अहम जानकारी मिलने की बात कही जा रही है। मामले में किसी नजदीकी का हाथ होने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस ने बदमाशों को चिह्नित कर लिया है। बदमाशों के गिरफ्तार होते ही पुलिस घटना का खुलासा कर देगी। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस जल्द घटना का खुलासा कर देगी।

## डेबिट कार्ड बदलकर खाते से रकम निकालने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एटीएम बूथ में लोगों के कार्ड बदलकर खाते से रकम निकालने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पुलिस ने कई बैंकों के 179 कार्ड, बाइक और नकदी सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि को शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि गोविंदपुरी कॉलोनी में पंजाब नेशनल बैंक के पास दो संदिग्ध घूम रहे हैं।

मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को दबोच लिया गया। जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि बताया कि वह एटीएम में लोगों के कार्ड बदलकर और पिन की जानकारी लेकर खाते से पैसे निकाल लेते हैं। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम संदीप कुमार निवासी नवादा रोड स्थित स्मार्ट सिटी सदर कोतवाली सहारनपुर और सचिन कुमार निवासी कृष्णानगर कॉलोनी रुड़की उत्तराखंड बताया है। बदमाशों के पास से विभिन्न बैंकों के 179 कार्ड, फेवीकोल की ट्यूब, पेचकस, बाइक और 4860 रुपये नकद बरामद किए हैं। एक माह में 50 मामले खाते से पैसे निकाले के मामले में बढ़ोतरी हुई है। मोदीनगर, मुरादनगर, निवाड़ी और भोजपुर में एक माह के अंदर इस तरह के 50 मामले सामने आ चुके हैं। यूट्यूब पर तरीका सीखा पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि कार्ड कैसे बदला जाए, इसका तरीका एक साल पहले यूट्यूब पर सीखा था। पकड़ा गया बदमाश संदीप कुमार ने बताया कि वह एटीएम मशीन के स्कैनर पर फेवीकोल लगा देता था। इस कारण जब कोई डेबिट कार्ड डालता था तो वह इनवैलिड बताता था। मदद करने के बहाने हम कार्ड बदलकर खाते से पैसे निकाल लेते थे। एक साल में 150 लोगों से ठगी पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि सुबह के समय शिकार की तलाश में दोनों बाइक पर निकल जाते थे। उन्होंने बताया कि वह उस एटीएम बूथ को देखते थे।

# बी.एल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया दसवां स्थापना दिवस






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बी.एल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल गगन बिहार, कोयल एन्क्लेव ने अपना दसवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। स्कूल के चेयरमैन श्री सतीश सेन ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल प्रबंधक जितेंद्र सेन ने भव्य और सुंदर कार्यक्रम की व्यवस्था की। स्कूल के कैशियर एडवोकेट कृष्ण कुमार ने अतिथियों का चित्र, शिल्ड और शॉल पहनाकर स्वागत किया। डांस टीचर सिकंदर सर ने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल की प्रधानाचार्य लक्ष्मीजी ने स्कूल के समस्त स्टाफ को गिफ्ट और बच्चों को मेडल, शील्ड तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के साथ उनके माता-पिता हजारों की संख्या में रहे। रघुवर दयाल चंदेला, राजकुमार चंदेला, रामावतार सैन, भोपुरा मंडल अध्यक्ष ओमेंद्र कसाना, पूर्व पार्षद विनोद कसाना, वार्ड 5 पार्षद पिंकी देवी, प्रधानाचार्य अरुण सैन, प्रधानाचार्य बनवारी लाल, प्रधानाचार्य नरेश सैनी, वीरेंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, अंकुर अरोड़ा, पप्पन प्रजापति, मुल्क राज भगतजी, राजाराम भगतजी, मनोज, जय कसाना, दिनेश, निमेश, सोनू चंदेला, अजीत, विकास, अध्यापिका पिंकी, आरती, ज्योति सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधक मास्टर जितेंद्र सैन जिला सदस्य एनवाईके खेल मंत्रालय भारत सरकार ने भारी संख्या में आए सभी लोगों का धन्यवाद किया।

# दुनिया के कई देशों से ढूंढ़-ढूंढ़ कर भगाए जा रहे पाकिस्तानी !

## 20,000 पाकिस्तानियों को अलग-अलग देशों ने दिखाया बाहर का रास्ता

**विशेष।** कंगाली की मार झेल रहे पाकिस्तान के ऊपर 'अंतरराष्ट्रीय बेज्जती' का भी ठप्पा लगने लगा है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही बेज्जती पाकिस्तान के उन लोगों की वजह से और हुई है, जो दुनिया के अलग-अलग मुल्कों से न सिर्फ जबरदस्ती भगाए जा रहे हैं, बल्कि उन लोगों को पकड़-पकड़ कर वापस भी भेजा जा रहा है। पाकिस्तान की संसद में अपनी खुद की सीनेट में पेश किए गए दस्तावेजों के मुताबिक, बीते तीन सालों में तकरीबन 20000 पाकिस्तानियों को अलग-अलग देशों से चोरी, डकैती, बलात्कार और आतंकी संगठनों में शामिल होने जैसे संगीन आरोपों और सजा के बाद वापस पाकिस्तान रवाना कर दिया गया। इसमें पाकिस्तान के सबसे करीबी मुल्क तुर्किये से लेकर ग्रीस, इटली और अमेरिका जैसे देश शामिल हैं।



फिलहाल पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही फजीहत के बाद इस्लामाबाद को अपने देश के लोगों के लिए सीक्रेट दस्तावेज तक जारी करना पड़ा। दुनिया के अलग-अलग देशों से बेइज्जत करके निकाले जा रहे लोगों की पूरी सूची अमर उजाला डॉट कॉम के पास मौजूद है।

पाकिस्तान संसद की सीनेट को पेश हुई रिपोर्ट

बीते कुछ दिनों में पाकिस्तान की संसद में पेश की गई रिपोर्ट उसकी अंतरराष्ट्रीय बेज्जती की कहानी सुनाती है। दरअसल कुछ दिन पहले पाकिस्तान की इंटीरियर मिनिस्ट्री ने अपनी संसद की सीनेट को एक रिपोर्ट पेश की। उस रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के नागरिकों को दुनिया के 134 देशों से अलग-अलग तरह से बेइज्जत करके निकाला गया। अमर उजाला डॉट कॉम के पास मौजूद दस्तावेजों के मुताबिक पाकिस्तान के लोगों को लीबिया, तुर्किये और अमेरिका जैसे देशों से इस साल ही

### तुर्किये ने भी अपने देश से निकाले पाकिस्तानी

इसी दौरान 7 नवंबर 2023 को तुर्किये की फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 383 पाकिस्तानियों की शिनाख्त की, जो लगातार तुर्किये में रहकर अपराध कर रहे थे। यह अपराध भी लूट, डकैती, बलात्कार, धन शोधन और अवैध तरीके से तुर्किये में घुसे हुए अवैध लोगों के तौर पर की गई। इस्लामाबाद को लगातार दुनिया के अलग-अलग देशों से उनके नागरिकों पर कसी जा रही नकेल की जानकारी भी दी जाती रही। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के दो नागरिकों को तो इटली में आतंकी संगठन के भीतर शामिल होने की पुख्ता जानकारी तक मिली थी।

---

लोकतंत्र पर सर्वे रिपोर्ट

# अधिकांश भारतीय चाहते हैं मजबूत नेता

**लंदन।** भारत में ज्यादातर लोग मजबूत नेता के पक्ष में हैं और मौजूदा सरकार के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। भारत, अमेरिका, डेनमार्क, इटली, ब्राजील, पाकिस्तान और इराक समेत 19 देशों के मतदाताओं के बीच किए गए सर्वे में यह बात सामने आई है। इनमें दुनिया के तीन सबसे बड़े लोकतंत्र शामिल हैं। अन्य देशों में ताइवान, चिली, कोलंबिया, गाम्बिया, लेबनान, लिथुआनिया, रोमानिया, सेनेगल, सियरा लियोन, सोलोमन आइलैंड, दक्षिण कोरिया और तंजानिया हैं।

गुरुवार को जारी सर्वे रिपोर्ट को 'लोकतंत्र की समझ : दुनिया में लोग लोकतंत्र का आकलन कैसे करते हैं' नाम दिया गया है। रिपोर्ट इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमाक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (इंटरनेशनल आइडिया) ने जारी की है।



9 देशों में अल्पसंख्यक अपनी सरकार से असंतुष्ट

सर्वे में अधिकांश देशों के मतदाता अपनी सरकारों से असंतुष्ट थे, लेकिन भारत और तंजानिया के लोगों को अपने संस्थानों पर भरोसा है और वे अपनी सरकारों से संतुष्ट हैं। 17 देशों में आधे से कम लोग अपनी सरकारों से संतुष्ट हैं जबकि भारत और तंजानिया में क्रमशः 59 और 79 फीसदी लोग अपनी सरकारों से संतुष्ट हैं। यह सर्वे भारत में कराए गए अन्य सर्वेक्षणों के ही अनुरूप हैं जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घरेलू रेटिंग 66 फीसदी या अधिक बनी हुई है। खास बात यह है कि करीब आधे (9) देशों में अल्पसंख्यक समूह अपनी सरकारों से बेहद असंतुष्ट हैं। अमेरिका में अल्पसंख्यकों व सरकार से संतुष्ट समूहों के बीच का अंतर 12% है।

**आठ देशों के मतदाता मजबूत नेता के पक्षधर :** रिपोर्ट के अनुसार, 8 देशों मतदाता देश में मजबूत नेता चाहते हैं। ऐसा एक भी देश नहीं रहा जहां प्रतिक्रिया देने वालों का बहुमत गैर लोकतांत्रित नेतृत्व का पक्षधर हो। ऐसे देश जहां जनप्रतिनिधियों की संख्या अधिक है वहां मजबूत नेता के पक्षधर लोगों की संख्या कम रही।

---

# डॉक्टर पर शारीरिक उत्पीड़न के आरोप



**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक डॉक्टर पर अपने मरीजों का शारीरिक उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगा है। 200 से ज्यादा महिलाओं और कई पुरुषों ने डॉक्टर पर शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि बोस्टन के डॉक्टर डेरिक टॉड ने अपने मरीजों की शारीरिक जांच के नाम पर उनके साथ छेड़छाड़ की और जिन जांच की जरूरत भी नहीं थी, उन्हें किया।

**डॉक्टर पर मरीजों ने लगाए गंभीर आरोप :** डॉ. डेरिक टॉड बोस्टन के ब्रिघम एंड वूमन हॉस्पिटल में काम करते थे, लेकिन आरोपों के बाद उन्हें बीते साल जुलाई में हटा दिया गया। आरोपी डॉक्टर पर मरीजों की पेल्विक फ्लोर थेरेपी, स्तन जांच, पुरुषों के अंडकोष की जांच जैसी गैरजरूरी जांच करने के आरोप हैं। आरोप है कि टॉड साल 2010 से अपने मरीजों का उत्पीड़न कर रहे थे।


मैसाच्युसेट के सफलोक सुपीरियर कोर्ट में डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। मामले में ब्रिघम एंड वूमन अस्पताल के साथ ही एक अन्य अस्पताल चार्ल्स रिवर मेडिकल एसोसिएशन को भी आरोपी बनाया गया है।

**आरोपों के बाद अस्पताल ने डॉक्टर को नौकरी से निकाला :** डॉक्टर के खिलाफ साल 2023 में ये आरोप लगे और कई महिला मरीजों ने इससे जुड़ी शिकायत की। मामला बढ़ने पर डॉक्टर को छुट्टी पर भेज दिया गया और फिर बाद में उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। अस्पताल ने इस मामले में बयान जारी कर कहा कि वह इन आरोपों से बेहद परेशान हैं।

---

# फिलीपींस और जापान के राष्ट्राध्यक्षों से मिले बाइडन

## चीन की और बढ़ेगी परेशानी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में फिलीपींस के राष्ट्रध्यक्षों से मुलाकात की। यह इन देशों के बीच पहली त्रिपक्षीय औपचारिक मुलाकात है। तीनों नेताओं की एकसाथ बैठक को चीन की बढ़ती चुनौती से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल जापान और फिलीपींस दोनों ही देशों का चीन के साथ सीमा विवाद चल रहा है।

**चीन की बढ़ती चुनौती से निपटने की तैयारी :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में जापान के पीएम फुमियो किशिदा और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्दिनांद मार्कोस जूनियर के साथ बैठक की। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका, जापान और फिलीपींस की सुरक्षा के लिए समर्पित है। बाइडन ने कहा कि जब हम एकजुट होते हैं तो हम सभी के लिए सुनहरा भविष्य बनाने में सक्षम होते हैं। यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब जापान का चीन के साथ सेनकाकु द्वीप को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं फिलीपींस का दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ सीमा विवाद चल रहा है।


हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए अमेरिका लगातार साझेदारियां बना रहा है। भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर अमेरिका ने क्वाड का गठन किया है।

---

# अपना भाग्य बदलने के लिए फिर से करनी होगी शुरुआत : आरिफ अल्वी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने इस बात पर जोर दिया की यहां के लोगों को अपना भाग्य बदलने के लिए 'रीसेट, अल्ट-डिलीट और रिस्टार्ट' करना होगा। यानी शुरू से शुरूआत करनी होगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के कारण ध्रुवीकृत 'गरीब लेकिन मेहनती' देश को बेहतर का हकदार है।

**पहले क्या हो चुका इसका कोई औचित्य नहीं :** पाकिस्तान के 2018 से मार्च 2024 तक राष्ट्रपति रहे अल्वी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नकदी संकट से जूझ रहे देश की वर्तमान स्थिति की आलोचना की। 74 वर्षीय नेता ने कहा, 'कुछ लोगों का यह तर्क कि ऐसा पहले भी हो चुका है और अन्य ने भी ऐसा ही किया है,



इन सब का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि यह पीछे हटने वाली सोच है।'

**हमारे पास क्षमता है :** उन्होंने कहा, 'हमें अपना भाग्य बदलने के लिए शुरू से शुरूआत करनी होगी। यह कौन करेगा? यह कौन कर सकता है? क्या यह भी संभव है? मुझे लगता यह संभव है, क्योंकि हमारे पास क्षमता है और गरीब लेकिन मेहनती देश निश्चित रूप से बेहतर का हकदार है।'

**अर्थव्यवस्था, राजनीति और न्यायपालिका की गिरावट पर तंज :** पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था, राजनीति और न्यायपालिका की गिरावट पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि देश की संस्थाओं पर गंभीर दबाव है, जिन्हें पक्षपातपूर्ण रुख अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

राजनेता ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को राजनीतिक स्थिरता की जरूरत है, जैसा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और अन्य वैश्विक संस्थानों ने रेखांकित किया है।

---


## जस्टिन त्रूदो ने एक बार फिर निज्जर हत्याकांड मामले को उठाया

**कनाडा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो ने एक बार फिर निज्जर हत्याकांड मामले को उठाया है। त्रूदो बुधवार को कनाडा की चुनावी प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेप की जांच कर रही एक हाई-प्रोफाइल जांच एजेंसी में गवाही दे रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि 2019 और 2021 के चुनावों के दौरान विदेशी सूचनाओं पर खुफिया जानकारी प्राप्त करने के बाद उनकी सरकार ने क्या किया तो उन्होंने कहा कि सिद्धांत है कि जो कोई भी दुनिया में कहीं से भी कनाडा आता है उसके पास किसी भी कनाडाई की तरह सभी अधिकार होते हैं। निज्जर की हत्या बेहद गंभीर मामला है। मैंने इस मामले को संसद में पेश किया था, यह कनाडाई लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

# भारतीयों की नाराजगी से बुरी तरह घबराया मालदीव

## पर्यटकों को लुभाने के लिए बनाई खास रणनीति





**मालदीव।** भारत और मालदीव में इस साल की शुरूआत से विवाद बना हुआ है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव का नुकसान कहीं न कहीं मालदीव को हो रहा है। यहां भारतीय पर्यटकों की संख्या लगातार कम होती जा रही है।

ऐसे में मालदीव उन्हें फिर से लुभाने के लिए भारत के प्रमुख शहरों में रोड शो करेगा। यह घोषणा उसके प्रमुख पर्यटन निकाय मालदीव एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स एंड टूर ऑपरेटर्स (माटाटो) ने की है। हालांकि, रोड शो किन शहरों में और कब कराया जाएगा, इसकी जानकारी नहीं दी गई।

भारतीय पर्यटकों की कमी से जूझने के बीच, माटाटो ने दोनों देशों के बीच यात्रा और पर्यटन सहयोग बढ़ाने पर यहां भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर के साथ चर्चा की। भारत के बहिष्कार से मालदीव में विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ रहा है, विशेषकर पर्यटन पर, जो मालदीव की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### यह है मामला

गौरतलब है, ढट मोदी तीन जनवरी को लक्षद्वीप के दौरे पर गए थे। उन्होंने छह जनवरी को वहां की खूबसूरती से जुड़ी तस्वीरें साझा कर कहा था, 'प्राकृतिक सुंदरता के अलावा लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है।' इसके बाद लक्षद्वीप और मालदीव की तुलना होने लगी। इस पर मालदीव के कुछ मंत्रियों ने पीएम मोदी और भारत के खिलाफ अपमान टिप्पणी की थी। इस पर भारत के लोगों में गुस्सा भड़क गया और जमकर आलोचना की थी।

ये आलोचना इस नौबत तक जा पहुंची कि सोशल मीडिया में हैशटैग 'बॉयकॉट मालदीव' ट्रेंड करने लगा था। बॉयकॉट के चलते मालदीव को भारी नुकसान हुआ। कई हस्तियों समेत भारतीयों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी थी।

### आंकड़ों से हुआ खुलासा

आंकड़े दशार्ते हैं कि शीर्ष पर्यटक देश होने से भारत का स्थान जनवरी के बाद पहले पांचवें और अब छठे स्थान पर आ गया है।मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल 10 अप्रैल तक, आने वाले कुल 6,63,269 पर्यटकों में से चीन 71,995 के साथ शीर्ष पर रहा, इसके बाद यूनाइटेड किंगडम (66,999) दूसरे, रूस (66,803) तीसरे, इटली (61,379) चौथे , जर्मनी (52,256) पांचवें और भारत (37,417) छठे स्थान पर है।

---

# गाजा पर हमलों के लिए इस्राइल ने एआई तकनीक का किया इस्तेमाल

**तेल अवीव।** इस्राइल सेना पर आरोप लगे हैं कि वह गाजा में हमले के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। एक रिपोर्ट में ये खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एआई तकनीक से हुए हमलों में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत हुई। यह रिपोर्ट बीते हफ्ते प्रकाशित हुई है, जिसे इस्राइली और फलस्तीनी पत्रकारों द्वारा संचालित की जाने वाली एक मैग्जीन में प्रकाशित किया गया है।

**रिपोर्ट में किए ये दावे :** इस रिपोर्ट में इस्राइली खुफिया एजेंसी के छह अनाम सूत्रों के हवाले से यह दावा



किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, जिस एआई सिस्टम का इस्तेमाल इस्राइली सेना द्वारा किया जा रहा है, उसे लैवेंडर के नाम से जाना जाता है। लैवेंडर के साथ ही कई अन्य एआई सिस्टम का भी इस्तेमाल टारगेट को पहचानने के लिए किया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई सिस्टम की मदद से कई संदिग्ध आंतकियों की पहचान की गई और उन्हें निशाना बनाया गया। जब इन संदिग्धों को निशाना बनाया गया तो रिपोर्ट में दावा है कि उस वक्त कई अपने घरों में मौजूद थे। इससे हमलों में आम नागरिकों की मौतें हुईं।

**इस्राइली सेना ने किया आरोपों से इनकार :** हालांकि इस्राइली सेना ने इन दावों को खारिज कर दिया है। इस्राइली सेना का कहना है कि आतंकियों को पहचानने में किसी एआई तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस्राइली सेना ने कहा

---

# अमेरिकी कांग्रेस में उठा हिंदू मंदिरों पर हमले और हिंदूफोबिया का मामला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमले की घटनाओं और हिंदूफोबिया की कड़ी निंदा की गई है। इस प्रस्ताव को भारतीय मूल के कांग्रेसमैन श्री थानेदार ने पेश किया है। फिलहाल यह प्रस्ताव समीक्षा के लिए सदन की समिति के पास भेजा गया है। इससे पहले भारतीय मूल के सांसदों ने न्याय विभाग को चिट्ठी लिखकर भी हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों पर जवाब मांगा था।

**हिंदू समुदाय को झेलना पड़ रहा पक्षपात :** प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू



### भारतीय मूल के सांसदों ने लिखी थी चिट्ठी

अमेरिकी समुदाय ने अमेरिका की तरक्की में अहम योगदान दिया है, लेकिन इसके बावजूद इस वर्ग को पक्षपात का सामना करना पड़ता है। स्कूल-कॉलेजों में हिंदू अमेरिकी छात्रों को चिढ़ाया जाता है। साथ ही उन्हें पक्षपात, घृणा अपराध और पक्षपाती अपराध का सामना करना पड़ता है। एफबीआई की घृणा अपराध से संबंधित एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में हिंदुओं के खिलाफ घृणा अपराध की घटनाएं, मंदिरों पर हमले बढ़े हैं। प्रस्ताव के अनुसार, साल 1900 से दुनिया के विभिन्न हिस्सों से हिंदू समुदाय के लोग अमेरिका आ रहे हैं और इनकी संख्या करीब 40 लाख है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था और प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र के विकास में इस समुदाय का अहम योगदान रहा है।

---

# वाणिज्य दूतावास पर एयर स्ट्राइक के बाद बौखलाया ईरान

## ईरान कर रहा बड़े हमले की तैयारी, अलर्ट पर इस्राइल

**यरुशलम।** हमास-इस्राइल जंग के बीच एक और युद्ध छिड़ता दिख रहा है। बताया जा रहा कि ईरान इस्राइल पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। इस चेतावनी को देखते हुए इस्राइल गुरुवार को अलर्ट पर था। दरअसल, हाल ही में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था।

इसमें दो ईरानी जनरलों की मौत हो गई थी। ईरान ने हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।



### यह है मामला

एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इससे दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इस हमले का ईरान इस्राइल पर आरोप लगा रहा है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने बुधवार को चेतावनी दी थी कि इस्राइल को सजा दी जानी चाहिए। उस पर इस्राइली विदेश मंत्री ने कहा था कि अगर ईरान हमला करता है तो हम कड़ा जवाब देंगे।

### ईरान ने दी थी धमकी

ईरानी राष्ट्रपति के राजनीतिक मामलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद जमशीदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि अमेरिका को बीच में नहीं आना चाहिए ताकि वह हमले की चपेट में न आ जाए। जमशीदी ने कहा था कि अमेरिका ने ईरान से कहा है कि वह अमेरिकी ठिकानों को निशाना न बनाए। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ईरान की चेतावनी के बाद अमेरिका भी हाई अलर्ट पर है और इस्राइल में अपने ठिकानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

### लड़ाकुओं को छुट्टी न देने का फैसला

अमेरिका ने भी ईरान और उसके सहयोगियों द्वारा हमला किए जाने की चेतावनी दी है। हमले की संभावना को देखते हुए मध्य पूर्व तनाव बढ़ गया है। वहीं हाल ही में इस्राइल ने अपनी हवाई सुरक्षा को मजबूत करने और लड़ाकू इकाइयों को छुट्टी न देने का फैसला लिया।

### बाइडन ने दिया इस्राइल का साथ

ईरान द्वारा जवाबी कार्रवाई की कसम खाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को इस्राइल को अपना समर्थन दिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा था, 'जैसा कि मैंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से कहा, ईरान और उसके सहयोगियों से इन खतरों से इस्राइल की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है। हम इस्राइल की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।'

---

ईरान की धमकी के बाद अमेरिका ने इन देशों से की बात, कहा-

# मध्य पूर्व में तनाव बढ़ना किसी के हित में नहीं

**वाशिंगटन ।** हमास-इस्राइल जंग के बीच एक और युद्ध छिड़ता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि ईरान इस्राइल पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। हालांकि, अमेरिका लगातार इस बात पर जोर दे रहा कि मध्य पूर्व में तनाव बढ़ना किसी के हित में नहीं होगा। दरअसल हाल ही में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। ईरान ने इसका आरोप इस्राइल पर लगाया है। इसी हमले के जवाब में ईरान, इस्राइल के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।



**तनाव बढ़ना किसी के हित में नहीं :** ईरान लगातार चेतावनी दे रहा है। इसको देखते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पिछले 24 घंटों में अपने तुर्की, चीनी और सऊदी समकक्षों से बात की और स्पष्ट किया तनाव बढ़ना किसी के हित में नहीं है।

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि क्षेत्र में तनाव बढ़ने के खतरे के बारे में वाशिंगटन चिंतित है, विशेष रूप से ईरान द्वारा इस्राइल को दी गई धमकियों के बाद। वहीं, ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड कैमरन ने भी कहा कि उन्होंने अपने ईरानी समकक्ष से बात की और यह स्पष्ट कर दिया था कि ईरान को मध्य पूर्व को संघर्ष में नहीं खींचना चाहिए।

**आगे के हमलों को रोकने के लिए काम हो :** उन्होंने कहा, 'आज मैंने विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियान से बात की और स्पष्ट कर दिया कि ईरान को मध्य पूर्व को संघर्ष में नहीं खींचना चाहिए।

# स्वर्गीय मुन्नी देवी को दी गई नम आंखों से श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह की माता जी श्रीमती मुन्नी देवी का 6 अप्रैल को निधन हो गया था। वह बीते कुछ दिनों से लगातार अस्वस्थ चल रही थी। शुक्रवार को उनकी तेरहवीं तथा शोक सभा आयोजित की गई। मेरठ में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय मुन्नी देवी को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए परिवार और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। परिवार के सदस्यों में भगवान दास,राजेंद्र शास्त्री,उदयवीर सिंह,महेश चंद, पौत्र अभिषेक,पीयूष,तुषार,यश, हितेन, लड्डू, पौत्री प्रियंका,प्रीति, नेहा, आयुषी, लक्की, साक्षी ने स्वर्गीय मुन्नी देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नगर आयुक्त की जनता से सफाई में सहयोग की अपील, निगम को निर्देश कचरा निस्तारण प्लांट पर कैपेसिटी को बढ़ाने का करें प्रयास



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर हित में कचरा निस्तारण प्रणाली को और अधिक बेहतर करने के लिए टीम के साथ बैठक की, जहां नगर आयुक्त द्वारा टीम को शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं वही स्वच्छ भारत मिशन 2024 की तैयारी के लिए भी कहा गया है, बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, सीबीएम प्रोजेक्ट हेड योगेश राणा व अन्य संबंधित टीम उपस्थिति रही। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत एमआरएफ सेंटर पर कचरा निस्तारण कैपेसिटी बढ़ाने के लिए कार्यवाही तेज की जा रही है जिसके लिए नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश व अन्य टीम को निर्देश दिए हैं, स्वच्छ भारत मिशन 2024 में गाजियाबाद को ओडीएफ प्लस प्लस से वाटर प्लस की तरफ लाने का पूरा प्रयास प्रारंभ कर दिया गया है, बैठक में उपस्थित अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को एसबीएम की विशेष जिम्मेदारी देते हुए पूरे जोर-शोर से तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन मॉनिटरिंग को भी एडवांस तकनीकी के माध्यम से करने के लिए मोटिवेट किया गया।

शहर निवासियों की न केवल गाजियाबाद नगर निगम समस्याओं के समाधान पर कार्य कर रहा है बल्कि शहर को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए भी प्लानिंग कर रहा है जिसके क्रम में नगर आयुक्त द्वारा बैठक की गई सभी अधिकारियों को मोटिवेट करते हुए स्वच्छ भारत मिशन 2024 की तैयारी को नए तरीके से करने के निर्देश दिए गए हैं जिस पर टीम द्वारा कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सभी एमआरएफ सेंटर में अन्य प्लांट पर कचरा निस्तारण की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार किए जा रहे कार्य शहर हित में धरातल पर सफल हो रहे हैं जो की सराहनीय हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (12) गाजियाबाद से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने लोनी विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ किया। सबसे पहले वह लक्ष्मी गार्डन, अम्बेडकर पार्क के बराबर, 2 नम्बर इंद्रापुरी पुलिस चौकी के सामने, दिल्ली-सहारनपुर रोड, लोनी पहुंचीं और सपरिवार मिलकर हवन-पूजन किया। इस दौरान पूरा परिसर वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। पूजा की शुरुआत उन्हें विजयश्री का संकल्प दिलाने के साथ हुई।

हवन-पूजा में गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ सहयोगी दलों के समस्त पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकगण सम्मिलित हुए। सबों ने प्रज्वलित अग्नि में अपनी अपनी आहुति दी और उन्हें विजयी बनाने का संकल्प प्रकट किया। इसके बाद श्रीमती शर्मा ने सबके साथ मिलकर अपने कार्यालय का उद्घाटन किया, जिसके बाद दिग्गज कांग्रेसियों के नारों के बीच तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा कार्यालय परिसर गूंज उठा।

उद्घाटन के पश्चात दूरदराज से आये लोगों को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि आज देश में किसानों, मजदूरों, कारीगरों, युवाओं, महिलाओं, छोटे-मध्यम कारोबारियों की स्थिति दयनीय है। इनके हक-हुकूक की रक्षा के लिए उनकी पार्टी ने विभिन्न प्रकार के गारंटी प्रस्ताव प्रस्तुत किये हैं और संकल्प व्यक्त किया गया है कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनती है तो इन सभी प्रकार की गारंटियों को अविलंब लागू किया जाएगा। उन्होंने किसानों के खाद, बीज,





एलपीजी गैस, बिजली आदि की कीमतों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी की निंदा की और वायदा किया कि जब राहुल गांधी के नेतृत्व में केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो सबसे पहले महंगाई को काबू में किया जाएगा, तत्पश्चात बेरोजगारी दूर की जाएगी। उन्होंने सरकारी शिक्षा व स्वास्थ्य के गिरते स्तर पर चिंता जताई और कहा कि यदि आप इन सबसे निजात पाना चाहते हैं तो मुझे भारी मतों से विजयी बनाकर पार्लियामेंट भेजिए, फिर देखिए कि कैसे विकास कुलांचे मारेगा। वहीं, गठबंधन के अन्य पदाधिकारीगणों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश में लोकतंत्र को बचाने हेतु और भारतीय संविधान की रक्षा करने के लिए इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया। इस मौके पर विनीत त्यागी, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस; विजय चौधरी, महानगर अध्यक्ष, कांग्रेस; जनाब फैसल हुसैन, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, वीरेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी; सचिन शर्मा, जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी और महेश आहूजा, जिलाध्यक्ष, शिवसेना के अलावा अन्य पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण भी मौजूद रहे।

# आप लोग यदि खोड़ा का समग्र विकास चाहते हैं तो मुझे वोट दें, हाथ का साथ निभाएं: डॉली शर्मा

**सड़कें अच्छी हों, नालियां ठीक बने, स्वच्छता का हरवक्त ख्याल रखा जाए, यहां बुनियादी शिक्षा व जनस्वास्थ्य की व्यवस्था हो**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार की शाम लोकसभा क्षेत्र (12) गाजियाबाद से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खोड़ा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पहले वो आजाद विहार, वृहस्पतिवार बाजार रोड, श्री राम ट्रेडर्स के सामने और कालू यादव के स्कूल के समीप, खोड़ा पहुंचीं और वहां पर आयोजित हवन-पूजन कार्यक्रम में अपने परिजनों, पार्टीजनों व गठबंधन सहयोगियों के साथ शरीक हुईं। इस दौरान वहां उपस्थित सभी लोगों को उन्हें विजयी बनाने का संकल्प दिलवाया गया। तत्पश्चात वहां आयोजित हवन में डॉली शर्मा के साथ समस्त पदाधिकारीगणों एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकगणों ने अपनी अपनी आहूति दी। इसके बाद उन्होंने विधिवत अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और वहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

अपने संबोधन में खोड़ा वासियों की दुःखती हुई रग को दबाते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों को प्रतिदिन शुद्ध गंगाजल मिले, इसके लिए मैं सड़क से संसद तक संघर्ष करूंगी। उन्होंने कहा कि आपकी इस समस्या को मैं पिछले कई सालों से प्रिंट-टीवी-वेब मीडिया माध्यमों से उठाती आई हूं, लेकिन केंद्र व राज्य की बहरी-गूंगी सरकारों ने मेरी आवाज को अनसुना कर दिया। इसलिए आज आपसे वोट रूपी ताकत मांगने आई हूं, ताकि आपकी समस्याओं की अनदेखी होने पर उसको लेकर सड़क से संसद तक कोहराम मचा सकूं। उन्होंने कहा कि खोड़ा का समग्र विकास हमारा ध्येय है। गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और पूर्वी दिल्ली की सीमा से लगने वाले इस क्षेत्र का बड़ा हिस्सा हमारे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र का अभिन्न अंग है।


इसलिए यहां की सड़कें अच्छी हों, नालियां ठीक बने, स्वच्छता का हरवक्त ख्याल रखा जाए, यहां बुनियादी शिक्षा व जनस्वास्थ्य की व्यवस्था हो, सबको रोजगार मिले और बेरोजगारी दूर हो, यही हमारी इच्छा है। यह तभी पूरी हो पाएगी, जब आप अपना कीमती वोट देकर जिताएंगे। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती महंगाई, राहजनी, लूटमार से मेहनतकश वर्ग के लोग परेशान होते हैं। इसलिए इन्हें काबू में करना बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने मोबाइल नम्बर पर मिस्डकॉल दिलवाईं और कांग्रेस की विभिन्न गारंटी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए उनसे भरपूर मत समर्थन देने की जरूरत बताईं।

इस अवसर पर गठबंधन के अन्य पदाधिकारीगण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज से लेकर संविधान तक खतरे में है। इसलिए दोनों को बचाने के लिए हम सबों को एकजुट होना होगा। किसान, मजदूर, कारीगर, युवक और महिलाएं जब एकजुट हो जाएंगी तो तानाशाह की सरकार का अंत हो जाएगा और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, जो जनकल्याण कारी योजनाओं के मार्फत लोगों की भलाई करेगी। इस मौके पर विनीत त्यागी, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस; विजय चौधरी, महानगर अध्यक्ष, कांग्रेस; जनाब फैसल हुसैन, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी; वीरेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी; सचिन शर्मा, जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी; महेश आहूजा, जिलाध्यक्ष, शिवसेना, गाजियाबाद महानगर कॉंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, किसान कांग्रेस के सचिव सह राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, राजेश गुप्ता, खोड़ा नगर अध्यक्ष, कांग्रेस, महेश भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संगीता त्यागी के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता और सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नाले की गुणवत्ता को लेकर दिया महापौर सुनीता दयाल को ज्ञापन

**महापौर ने मुख्य अभियंता को मौका मुआयना करने के दिए निर्देश**





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन व उजागर फाउंडेशन के महासचिव सचिन सोनी ने महापौर सुनीता दयाल को दिए पत्र में बताया, महापौर आपकी जानकारी में होगा कि मेरठ रोड पर पटेल नगर की साइड में एक बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। नाला निर्माण कार्य से हमें जो महसूस हुआ उससे आपको अवगत कराना अपनी नैतिक जिम्मेदारी है जिससे कि भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। नाला निर्माण कार्य की ड्राइंग व निर्माण में भिन्नता महसूस हुई, इतना ही नहीं नाले में कई कर्व (मोड) व जहां पाइप डाले गए हैं, वहां पाइप के अतिरिक्त भी निर्माण किया गया है। जिससे नाला चालू होने पर पीछे से आने वाले तेज पानी को आगे जाने का रास्ता न मिलने पर नाले का उतना लाभ शहर की जनता को नहीं मिल पाएगा जितने के उद्देश्य से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। पत्र के माध्यम से अनुरोध है कि मेरठ रोड पर हो रहे नाला निर्माण की जांच निजी स्तर से कराने की कृपा करें जिससे कि भविष्य में होने वाली किसी भी समस्या का निपटारा समय से किया जा सके। विषय की गम्भीरता को समझते हुए महापौर सुनीता दयाल ने मुख्य अभियंता एन.के चौधरी से नाला निर्माण का निरक्षण कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ गौरव क्रोतिया व रजत धीमान भी उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** एन.आई.सी. कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी राजनीतिक दल के प्रमुख, प्रत्याशी, प्रतिनिधि शामिल रहे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में उपयोग किए जाने वाले ईवीएम और वीवी पैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन की कार्यवाही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अरुण कुमार सिन्हा और प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों की उपस्तिथि में किया गया।

इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गयी। इस दौरान नोडल प्रभारी, सह प्रभारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक बेटी हमेशा से अपने पापा का स्वाभिमान होती है। बेटी का जन्मदिन हमेशा ही उसके पापा के लिए सबसे स्पेशल होता है। बीजेपी नेता सिमल शर्मा की बड़ी बिटिया एनी शर्मा का हैप्पी बर्थ डे है तो उन्होंने बिटिया को ढेरों बधाइयां शुभकामनाएं दी। एनी शर्मा के जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।